तापमान

अधिकतम 34.1 डिग्री

न्यूनतम 26.2 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 24 जुलाई 2025



आवंटन नहीं होने के कारण रिवरव्यू पर रखी गई गुमटियां हो रही जर्जर।



## खबर संक्षेप

### नान इंटरलाकिंग से उरगा स्टेशन पर ट्रेनें 27 को रद्द

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के उरगा स्टेशन पर उरगा से कोरबा बायपास लाइन के मध्य इंटरलाकिंग अपग्रेडेशन कार्य के लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान 27 जुलाई को 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर, 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68732 बिलासपुर-कोरबा मेमू पैसेंजर और 68731 कोरबा-बिलासपुर मेमू पैसेंजर के पहिए एक दिन के लिए थमे रहेंगे।

### तिरुपति एक्सप्रेस का चिन्नगंजाम में स्टापेज

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन बिलासपुर से तिरुपति के बीच चलने वाली एक्सप्रेस का स्टापेज चिन्नगंजाम स्टेशन में देने का निर्णय लिया है। रेलवे के अनुसार यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दपूमरे से चलने वाली 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस का दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा मंडल के चिन्नगजाम में 2 अगस्त तक प्रायोगिक ठहराव की सुविधा दी थी। यात्रियों को दी गई सुविधा में बनाए रखने इस गाड़ी के उपरोक्त स्टेशन में ठहराव की सुविधा का विस्तार किया गया है। 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस का चिन्नगंजाम में ठहराव 5 अगस्त से आगामी 6 माह तक जारी रहेगा।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 29 को

**बिलासपुर।** बरई चौरसिया समाज का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 29 जुलाई को उद्योग भवन सीएमडी चौक में आयोजित किया गया है। इसमें डा. मनमीत थवाईत, डा. नरेन्द्र थवाईत, डा. हिमानी चौरसिया, डा. श्रुति चौरसिया, डा. श्रुति थवाईत अपनी सेवाएं देंगी। आयोजन समिति के सदस्य हनुमान प्रसाद थवाईत ने लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 31 अगस्त तक

**बिलासपुर।** रावत नाच महोत्सव समिति प्रतिभावान नियमित यादव छात्र-छात्राओं को नकद छात्रवृत्ति देगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्ड्री सामान्य पाठ्यक्रम (12 वीं) व हाईस्कूल (10 वीं) की परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बिलासपुर जिला पुरानी सीमा (कोरबा, जांजगीर-चांपा, लोरमी, पण्डरिया मुंगेली, कोटा एवं पेण्ड्रा) आदि क्षेत्र के यादव छात्र-छात्राओं को अलग-अलग पांच हजार एवं तीन हजार रुपए की राशि नकद छात्रवृत्ति स्वरूप दी जाएगी। जिससे संबंधित सूचना एवं आवेदन पत्र का प्रारूप गोल (दल) के मुखिया को डाक द्वारा भेजी गई है। छात्र/छात्राएं अपने गांव के गोल के मुखिया से फार्म की फोटोकापी प्राप्त कर आवेदन भर सकते हैं।

### किसान 31 तक करा सकेंगे फसलों का बीमा

**बिलासपुर।** उद्यानिकी फसल उत्पादन कर रहे किसानों के लिए टमाटर, बैगन, अमरूद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक के लिए खरीफ वर्ष 2023 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा संचालित की जा रही है। उप संचालक उद्यानिकी के अनुसार जिले के इच्छुक ऋणी एवं अऋणी कृषक 31 जुलाई तक लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या भारतीय कृषि बीमा कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उद्यानिकी विभाग में के अधिकारियों एवं बीमा कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर सकते हैं।





## एकाएक छाए काले बादल, हुई झमाझम बारिश

**बिलासपुर।** बुधवार की सुबह से तेज धूप निकली हुई थी और गर्मी व उमस से लोगों का बुरा हाल था, परन्तु दोपहर एक बजे के बाद शहरी इलाके में एकाएक घने काले बादल छा गए और तेज हवा चलने लगी, कुछ देर बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। तेज बारिश होने से सड़कों पर यातायात थम गया, कुछ देर की बारिश से शहर के कई इलाकों में फिर पानी भर गया। विद्यानगर की सड़क पर पानी भरने से लोगों का चलना मुश्किल हो गया। वहीं लाल बहादुर शास्त्री स्कूल सहित कई स्कूलों के परिसर भी जलमग्न हो गए।



एसडीआरएफ की टीम करती रही तलाश

## तोरवा पुल से महिला ने अरपा में लगाई छलांग

**बिलासपुर।** तोरवा पुल से एक महिला ने नदी में छलांग लगा दी, इससे पुल पर अफरा तफरी मच गई। पुल पर लोगों की भीड़ लग गई। एसडीआरएफ की टीम ने नदी में उतरकर महिला की तलाश शुरू की, परन्तु देर शाम तक महिला का पता नहीं चल पाया, जिससे एसडीआरएफ की टीम व पुलिस लौट गई। महिला की पहचान नहीं हो पाई है। मोपका पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी भावेश शेंडे ने बताया, 23 जुलाई की शाम 4.10 बजे डायल 112 को सूचना मिली कि एक महिला ने तोरवा पुल से अरपा नदी में छलांग लगा दी है। पुलिस छठघाट पहुंची तो पुल पर लोगों की भीड़ लगी हुई थी। पुलिस ने डायल 112 में सूचना देने वाले युवक से पूछताछ की तो उसने बताया, वह पुल से गुजर रहा था, इसी समय महिला पुल के किनारे खड़ी थी, कुछ दूर आगे जाकर देखे तो महिला गायब हो गई थी। वह गाड़ी मोड़कर मौके पर गया तो लोगों ने उन्हें बताया, महिला ने नदी में छलांग लगा दी है। पुलिस की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम छठघाट पहुंच गई और नदी में उतकर महिला की तलाश में जुट गई। शाम 7 बजे तक एसडीआरएफ की टीम नदी में महिला के तलाश में जुटी हुई थी। इस दौरान तोरवा पुल में लोगों की भीड़ लगी हुई थी। अंधेरा होने पर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम लौट गई। अब तक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। गुरूवार की सुबह फिर से नदी में महिला की तलाश की जाएगी।

### बहन की आशंका पर भाई ने की कूदने की कोशिश

पतासाजी के दौरान देवरीडीह का एक युवक आया और अपनी बहन सोनम के नदी में कूदने की आशंका जताते हुए रोते बिलखते पुल से नदी में कूदने की कोशिश करने लगा, लोगों ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने पूछताछ की तो वह बताया, उसकी बहन गमी में शामिल होने चिंगराजपारा जाने के लिए घर से निकली है। बाद में पता चला कि उसकी बहन मिल गई है।

### कोल डस्ट पर चीफ जस्टिस ने एसईसीएल की कार्य प्रणाली पर की सख्त टिप्पणी

## एसईसीएल से कहा- यह तो वही बात हो गई कि हम शराब बेचते हैं, बाकी पीने वाला जाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल द्वारा बेचे गए कोयले के परिवहन के दौरान उड़ रही डस्ट और जनता को हो रही परेशानी के मामले में बुधवार को सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने एसईसीएल की कार्य प्रणाली पर सख्त टिप्पणी की। नाराज चीफ जस्टिस ने यहां तक कह दिया कि एसईसीएल का रवैया इस प्रकार है कि हम कोयला बेचते हैं,बाकी परिवहन करने वाला जानें। यह तो वही बात हुई कि शराब बेचने वाला कहे हम तो शराब बेचते हैं, बाकी पीने वाला जाने। चीफ जस्टिस ने पूरे मामले में जरूरी बिंदुओं पर दिशा निर्देश जारी करने के अलावा नया शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं।

इस मामले में बुधवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। पूर्व में हुई सुनवाई में इसमें शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि आप प्लांट चलाइए कोई दिक्कत नहीं है कोई रोकता नहीं है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि आपके कारण कोई अस्थमा से मर जा रहा है, बरसात का मौसम है, सड़कें खराब हैं ,कीचड़ है, आदमी चल नहीं पा रहा, एक्सीडेंट हो रहा, इस तरह का रवैया मत रखिए। एसईसीएल द्वारा प्रस्तुत एफिडेविट और जवाब पर चीफ जस्टिस ने नाराजगी जताई।

### जिम्मेदारियों से बच नहीं सकते

एसईसीएल का जवाब कुछ इस तरह का था कि हम कोयला खदान से कोल प्रोडक्शन करते हैं पर इसका ट्रांसपोर्टेशन हमारे द्वारा नहीं किया जाता, इसे खरीदने वाले ट्रांसपोर्ट करते हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि परिवहन का काम ट्रांसपोर्टर को दे दिया है यह कहकर एसईसीएल अपनी जिम्मेदारियां से बच नहीं सकता। चीफ जस्टिस ने कहा कि एनटीपीसी, एसईसीएल बाकी जितनी भी ऐसी कंपनियां हैं वे देश के विकास के लिए जो काम कर सकती हैं, वह करें। इसका मतलब यह भी नहीं है कि आप दूसरों को इसके लिए तकलीफ दें। आपके कोल परिवहन करने वाले 18 चक्के वाली गाड़ियों से सड़कों की स्थिति खराब है, सड़कें धंसी हुई हैं। 5 किलोमीटर में 25 गड्ढे हो गए हैं, जो हम आपको दिखा सकते हैं और आप कहते हैं कि ये हमारी जवाबदारी नहीं है, हम केवल कोयला प्रोडक्शन करते हैं, बाकी ट्रांसपोर्ट करने वाला जाने। चीफ जस्टिस ने कहा कि यदि ऐसा है तो हम ट्रांसपोर्टिंग बंद करवा देते हैं, आप रखे रहिए अपना कोयला अपने पास आप मैन्युफैक्चरर है आपकी रिस्पांसिबिलिटी है ऐसा नहीं है कि छोड़ दिए ट्रांसपोर्टर पर।



रायगढ़, कोरबा एवं बिलासपुर की सड़कों पर डस्ट उड़ाते दौड़ रहे हैं भारी वाहन।

### कोल परिवहन के दौरान उड़ रही डस्ट का मामला

### दिए गए कड़े निर्देश

एसईसीएल के अधिवक्ताओं ने अपना तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि माइनिंग एरिया में इस बात का बराबर ध्यान रखा जा रहा है कि नियमों का पालन हो, तब चीफ जस्टिस ने कहा कि क्या ध्यान दिया जा रहा है, माइनिंग एरिया में मर्डर हो गया, कल आप ही तो आए थे उसको अपोज करने के लिए। ट्रांसपोर्टरों की आपसी लड़ाई में कि कौन पहले कोयला निकालेगा,कौन ट्रक ले जाएगा। 15 लोगों के खिलाफ एफआईआर हुआ हैं,सीधा मर्डर है ये, और आप कह रहे हैं कि हमारा काम



सिर्फ कोयला निकालना है। ऐसा न करें।

चीफ जस्टिस ने कहा कि हम सिर्फ इसी काम के लिए नहीं है। आपके पास बड़े-बड़े सलाहकार हैं, आप फायदा कमाए पर नागरिकों की सेहत और सुरक्षा का भी ध्यान रखें। चीफ जस्टिस ने इंस्ट्रक्शन जारी करते हुए कहा कि आप ऐसा करेंगे कि जितनी गाड़ियां आपके यहां से निकलेंगी उसे बिना कोल कवर के परमिट नहीं करेंगे। उसकी फोटो के साथ हाईवे पेट्रोलिंग टीम चेक करेगी।। यदि खुले में कोयला परिवहन करते मिला तो उस ट्रांसपोर्टर की एग्रीमेंट ,रजिस्ट्रेशन रद्द कर दीजिए। चीफ जस्टिस ने आगे कहा कि हम पूरी फोर्स लगवा कर चेक करवाएंगे, इसके साथ ही उन्होंने फ्रेश एफिडेविट फाइल करने के निर्देश दिए हैं।

### एनटीपीसी को नसीहत

हाईकोर्ट ने राज्य में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और राष्ट्रीय राजमार्ग के करीब शराब दुकान के संचालन सहित अतिकमण के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर राज्य शासन, एनटीपीसी और एसईसीएल से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल के डिवीजन बेंच में बुधवार को सुनवाई हुई। महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने बताया कि मुंगेली जिले के सरगांव में हाईवे किनारे शराब की दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एक ढाबे को हटाने की कार्रवाई की जा रही है और नोटिस दिया गया है। वहीं आदेश के अनुपालन में दुर्घटनाओं को लेकर शासन के जवाब पर नाराजगी जताते हुए कोर्ट ने कहा कि आप राजस्व लेते हैं, लेकिन किसी व्यक्ति के जीवन की कीमत पर नहीं, आप देखते हैं कि सड़क दुर्घटनाएं कैसे हो रही है, आप रोक नहीं पा रहे हैं। दूसरी तरफ एनटीपीसी के अधिवक्ता द्वारा शपथ पत्र की जानकारी पर कोर्ट ने कहा आपकी अंतरात्मा को ठेस पहुंचनी चाहिए, यही हम चाहते हैं कि नियमों का पालन करना होगा। आप संयंत्र चला सकते हैं, इससे उन नागरिकों को कोई असुविधा या स्वास्थ्य संबंधी समस्या नहीं होनी चाहिए जो उस सड़क का उपयोग कर रहे हैं। एनटीपीसी में अपने शपथ पत्र में बताया कि सुधारात्मक कार्य किए जा रहे हैं, जिसपर कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि एनटीपीसी की ओर से जो हलफनामा दिया गया है वह केवल दिखावा प्रतीत होता है कि फ्लाई ऐश का धूल नहीं फैला है।

## अवैध निर्माण : आर्किटेक्ट पर कार्रवाई, लाइसेंस सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध निर्माण पर नगर पालिक निगम बिलासपुर ने कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रोजेक्ट के आर्किटेक्ट विकास सिंह का लाइसेंस सस्पेंड कर एक साल के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया है। नगर पालिक निगम बिलासपुर ने बिना अनुमति एवं नियम विरूद्ध अवैध निर्माण पर जिम्मेदारी तय करते हुए पहली बार आर्किटेक्ट के खिलाफ कार्रवाई किया है। यह प्रदेश की पहली कार्रवाई है जिसमें आर्किटेक्ट को जिम्मेदार मानते हुए निगम ने एक नजीर पेश किया है। ऐसी कार्रवाई से निश्चित तौर पर आर्किटेक्ट अपनी जिम्मेदारियों को समझेंगे और अवैध निर्माण पर अंकुश लग सकेगा।

नगर पालिक निगम बिलासपुर सीमा क्षेत्रान्तर्गत भवन अनुज्ञा ऑनलाइन वेबसाइट से दी जाती है। इसमें रजिस्टर्ड आर्किटेक्ट द्वारा तैयार नक्शा एवं भवन निर्माण के सुपर विजन करने का शपथ पत्र दिया जाता है। विकास सिंह इंजीनियर जो की नगर निगम बिलासपुर से लायसेंस क्रमांक 234 पंजीकृत है। विकास सिंह द्वारा ऑनलाइन प्रपोजल 11209 के माध्यम से महक आहूजा के ऑनलाइन भवन अनुज्ञा प्रकरण प्रस्तुत किया था। जिसमें उनके द्वारा उक्तानुसार भवन के निर्माण का सुपर विजन कार्य करने के संबंध में सहमति एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किया था। उक्त निर्माण में आर्किटेक्ट विकास सिंह द्वारा सुपर विजन करने का शपथ पत्र देने के बावजूद स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण किया गया जो कि आर्किटेक्ट द्वारा प्रस्तुत सुपरविजन सहमति / शपथ पत्र का स्पष्ट उल्लंघन है। इस पर विकास सिंह को नोटिस 26 जून 2025 एवं 16 जुलाई 2025 को जारी किया गया था।

कार्यालय से जारी संदर्भित नोटिस के संदर्भ में श्री सिंह ने कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया। दो नोटिस के बाद निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर छग शासन आवास एवं पर्यावरण मंत्रालय के मार्गदर्शी सिद्धांत एवं छग.भूमि विकास नियम, 1984 के नियम 31 (3) के तहत भवन निर्माण सुपरविजन सहमति / शपथ पत्र का उल्लंघन करते हुए अनाधिकृत निर्माण को प्रोत्साहित किए जाने पर आर्किटेक्ट विकास सिंह के लाइसेंस को निलंबित करते हुए एक साल के लिए ब्लैक लिस्ट किया गया है। इस दौरान विकास सिंह द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले मानचित्र के स्वीकृति संबंधित कोई भी प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### प्रदेश में पहली बार कार्रवाई




- नगर निगम ने की कार्रवाई,एक साल के लिए ब्लैक लिस्ट किया
- सुपर विजन के लिए भरे गए शपथ पर होता रहा अवैध निर्माण
- आर्किटेक्ट संग बैठक में दी गई थी चेतावनी, सुपर विजन की जिम्मेदारी निभाएं

### अवैध निर्माण को हटाया गया था

विकास सिंह द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरित पुराना बस स्टैंड पूर्व महुआ होटल के पास निर्माण कार्य कराए जाने के कारण नगर निगम को अनाधिकृत निर्माण को हटाने की कार्रवाई करनी

### आर्किटेक्ट के साथ बैठक में हुई थी चर्चा


पिछले महीने शहर भर के रजिस्टर्ड आर्किटेक्ट कि बैठक लेकर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने और टीएनसी मापदंडों के अनुरूप निर्माण पर चर्चा किया था। बैठक में बताया गया था कि अनुमति के समय आर्किटेक्ट सुपर विजन का सर्टिफिकेट जमा करते हैं पर अनुमति से बाहर भी भवन मालिक द्वारा निर्माण करा लिया जाता है। इसलिए समय रहते इसे रोका जाना चाहिए। इसके लिए सभी आर्किटेक्ट अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और अपने सुपर विजन में किए जा रहे निर्माण को प्राप्त अनुमति के अनुरूप ही कराएं। अवैध निर्माण पाएं जाने पर आर्किटेक्ट को भी नोटिस जारी किया जाएगा और दो नोटिस के बाद भी अवैध निर्माण जारी रहने या सुधार,नहीं करने,जवाब नहीं देने पर संबंधित आर्किटेक्ट का लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा।

### कुलपति की नियुक्ति का आदेश बुधवार को राजभवन से जारी

## प्रोफेसर सारस्वत बने ओपन यूनिवर्सिटी के नए कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार सारस्वत प्रदेश की एकमात्र शासकीय ओपन यूनिवर्सिटी पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी बिलासपुर के नए कुलपति बनाए गए हैं। कुलपति की नियुक्ति का आदेश बुधवार को राजभवन से जारी हो गया है। प्रो. सारस्वत ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा है कि वे अभी आगरा यूनिवर्सिटी से रिलीव नहीं हुए हैं। वहां से रिलीव होने के बाद जल्द ही यहां आकर पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति पद पर ज्वाइन करेंगे।



प्रो. वीके सारस्वत वर्तमान में डाक्टर भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी आगरा उत्तर प्रदेश में कंप्यूटर साइंस विभाग में प्रोफेसर के पद पर पदस्थ हैं। प्रो. सारस्वत की कुलपति पद पर नियुक्ति पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी अधिनियम 2004 संशोधन अधिनियम, 2006, 2010 एवं 2019 की धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्यपाल कुलाधिपति रमेन डेका ने किया है। उनकी सेवा शर्तें, परिलब्धियां तथा सेवा शर्तें यूनिवर्सिटी अधिनियम एवं परिनियम में निहित प्रावधानों के अनुसार होगी। प्रो. सारस्वत को 30 वर्षो का अध्यापन अनुभव है। उनका जन्म 5 जुलाई 1967 को हुआ था। आगरा यूनिवर्सिटी से पूर्व वे यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग इस्टीट्यूट में डायरेक्टर के पद पर कार्य कर चुके हैं। वे डायरेक्टर यूनिवर्सिटी इक्वेशन सेंटर रह चुके हैं तथा ऑल इंडिया बोर्ड ऑफ इनफार्मेशन टेक्नालाजी एजुकेशन के तीन साल तक चेयरमैन रह चुके हैं। देश से बाहर भी उन्होंने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी किंग्स कालेज ऑफ यूके, थाईलैंड और इंडोनेशिया में शैक्षणिक दौरे कर चुके हैं। इंडियन साइंस ऑफ कांग्रेस, आपरेशन रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया, कंप्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया, इंस्टियूट ऑफ इंजीनियर्स, इंडियन सोसायटी फार टेक्नीकल एजुकेशन के आजीवन सदस्य हैं।

### 10 उम्मीदवारों ने दिया था इंटरव्यू 5 नाम गए थे पैनल में

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के नए कुलपति चयन के लिए 28 जून को राजभवन रायपुर में साक्षात्कार हुआ था। साक्षात्कार के लिए 11 उम्मीदवारों को बुलाया गया था, किन्तु एक उम्मीदवार अनुपस्थित रहा और 10 उम्मीदवारों का साक्षात्कार में शामिल हुए थे। साक्षात्कार प्रक्रिया के बाद कुलपति चयन समिति द्वारा पांच उम्मीदवारों के नामों का बंद लिफाफा गोपनीय तरीके राज्य सरकार को भेजा जाएगा था और राज्य सरकार की ओर से उनमें से तीन नामों का पैनल राजभवन को भेजा गया। उन्हीं तीन नामों में से राज्यपाल रमेन डेका द्वारा प्रो. वीके सारस्वत के नाम पर मुहर लगाई गई है।

### 60 से अधिक उम्मीदवारों ने किया था आवेदन

ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति पद के लिए 60 से अधिक लोगों ने आवेदन किया था। ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति की नियुक्ति राजभवन से राज्यपाल के हस्ताक्षर से जारी होता है, इसलिए कुलपति चयन के लिए मई माह विज्ञापन जारी किया गया था। पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ संशोधन अधिनियम अंतर्गत कुलपति पद के लिए विज्ञापन निकाला गया था। कुलपति पद के लिए जो विज्ञापन निकाला गया था उसके अनुसार आवेदक को शिक्षाविद होने के साथ यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के रूप में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव या किसी प्रतिष्ठित अनुसंधान या शैक्षणिक प्रशासनिक संगठन में 10 वर्ष का अनुभव मांगा गया था।

### आदेश जारी हुआ

ओपन यूनिवर्सिटी के नए कुलपति की नियुक्ति आदेश आज राजभवन से जारी हो गया है। नए कुलपति कब पदभार ग्रहण करेंगे यह अभी तय नहीं हुआ है, किन्तु वे जल्द ही वहां से रिलीव होकर यहां आएंगे।

**- भुवन सिंह राज** रजिस्ट्रार, ओपन यूनिवर्सिटी

## 6 माह से लिफ्ट खराब, कंपनी भाग गई, प्रबंधन ने आंख मूंदी

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल के मातृ एवं शिशु अस्पताल में पिछले 6 माह से लिफ्ट बंद है। ऐसे में एक ही लिफ्ट के सहारे मरीज और सामान ढोया जा रहा है। ऐसे में कई बार मरीजों को काफी देर तक लिफ्ट के इंतजार में खड़े रहना पड़ता है। खास बात यह है कि इस बिल्डिंग में गर्भवती महिलाएं व बच्चे इलाज कराने पहुंचते है, लेकिन लिफ्ट में देरी की वजह से उन्हें सीढ़ियों के सहारे ही जाना पड़ता है। प्रबंधन इस बारे में उदासीन बना हुआ है।

- जिला अस्पताल में सीढ़ियों के रास्ते आते है मरीज।

गर्भवती महिला, विकलांग और बुजुर्ग के लिए बनाया गया मातृ एवं शिशु अस्पताल का लिफ्ट 6 माह से बंद है। हर बार बेहतर स्वास्थ्य विभाग का ढंका पिटने वाले प्रबंधन का हाल यह है कि जिस कंपनी ने इस बनाया है, उससे काम भी नहीं करा सकती है। बताया जा रहा है कि कंपनी ने काम करने से मना कर दिया है, और भाग खड़ी हुई है, जिसके चलते लिफ्ट बंद पड़ चुकी है।दरअसल यहां दो लिफ्ट है यह लिफ्ट मरीज और बुजुर्ग के साथ ही विकलांगों के लिए बनाई गई थी, सरकारी फंड के लाखों रूपए खर्च भी हुए लेकिन अब बंद हो चुकी है। दूसरी लिफ्ट में ओवर बडन हो चुका है, इस लिफ्ट के सहारे जिला अस्पताल में समान तक ढोया जाता है, जिसके चलते मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मरीज लिफ्ट के इंतजार में खड़े रहने को मजबूर है।

## खबर संक्षेप

### यादव समाज कल्याण समिति का श्री कृष्ण जन्मोत्सव 16 को



**बिलासपुर।** यादव समाज कल्याण समिति द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन 16 अगस्त को दोपहर 12 बजे से श्रीकृष्णधाम यादव भवन इमलीपारा में किया गया है। इस कार्यक्रम में 10वीं एवं 12 वीं कक्षा की सीबीएसई एवं सीजी बोर्ड में सर्वाधिक अंक पाने वाले एक छात्र-एक छात्रा को पुरस्कार राशि के रूप में दिया जाएगा। वहीं विशेष प्रतिभा सम्मान, महिला एवं बालिकाओं के लिए कुर्सी दौड़, राधाकृष्ण बनो स्पर्धा, मटका फोड़ महिला एवं पुरुष, नृत्य 10 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए, वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। यादव समाज का बदलता स्वरूप पर बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता होगी। कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभावान बच्चे 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची 10 अगस्त तक तेरस यादव, भरत यादव, विजय यादव, चन्द्रिकाप्रसाद यादव, रामचरण यादव के पास जमा कर सकते हैं। तैयारी बैठक में चन्द्रिका प्रसाद यादव, गणेशराम यादव, उमेंदराम यादव, जसवंत यादव-नरेन्द्र यादव, धन्नू यादव, प्रेमलाल यादव, कन्हैयालाल यादव, विजय यादव, भरत यादव, दुर्गेश यदु-तेरस यादव, कीर्ति यादव आदि मौजूद थे।

### भारतीय मजदूर संघ ने मनाया स्थापना दिवस




**बिलासपुर।** भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस जिले में उत्साहपूर्वक मनाया गया। सुबह 9 बजे से रेलवे, बिजली, एसईसीएल, नगर निगम और अन्य क्षेत्रों के कार्यकर्ता बीएमएस के झंडे लगाकर बाईक रैली करते हुए कार्यक्रम स्थल सिंचाई विभाग के प्रार्थना भवन में एकत्रित हुए। मुख्य वक्ता भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल श्रीनारायण तिवारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल योगेशचन्द्र शर्मा, वंदे मातरम मित्र मंडल के प्रदेश संयोजक महेंद्र जैन, छत्तीसगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष शंखध्वनि सिंह बनाफर, रेल मजदूर संघ के अखिल भारतीय महामंत्री संतोष पटेल, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के अखिल भारतीय महामंत्री सुरेश तिवारी मंच पर मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयप्रकाश दुबे, संचालन जिला मंत्री संजय तिवारी ने की। मुख्य वक्ता एसएन तिवारी ने बताया कि शून्य से शिखर तक की इस यात्रा में भारतीय मजदूर संघ एक ऐसे राष्ट्रवादी मजदूर संगठन की भूमिका निभाई है, जिसमें राष्ट्र हित, उद्योग हित के साथ श्रमिक हित की बात की जाती है। उद्बोधन के उपरांत दिल्ली में चल रहे स्वर्णिम सत्तर वर्ष के समापन समारोह का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगठन के पूर्व पदाधिकारी कोल से महेंद्र प्रताप सिंह, एनटीपीसी से बलराम वर्मा, राज्य कर्मचारी संघ के राकेश श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष रामचंद्र यादव सहित विविध संगठनों से विवेकानंद केंद्र के प्रभारी उल्हास वारे, सक्षम के प्रांतीय महामंत्री अनूप पांडेय, समाजसेवी श्रीमती शेफाली घोष, निर्मल घोष सहित बिजली कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा, रेलवे मंडल अध्यक्ष राकेश साहू, मनीष क्षत्री, काशीराम गढ़े, चेतनानंद दूबे, राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रमेश द्विवेदी, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नंदू कश्यप, एसईसीएल के अजय सिंह, दिनेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्वच्छता दीदी और अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

### श्रीराम मंदिर बलखंडी बाबा न्यास के मंगतराय बने निर्विरोध अध्यक्ष



**बिलासपुर।** श्री राम मंदिर बलखंडी बाबा न्यास घोंघाबाबा मंदिर वर्ष 2025-27 का चुनाव गत दिनों संपन्न हुआ। घोंघाबाबा मंदिर मुख्य मार्ग बिलासपुर में संपन्न इस चुनाव में सर्वसम्मति से अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी के पद पर मंगतराय अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र खेड़िया, सचिव दीपक मोदी, कोषाध्यक्ष आनंद सोनी निर्विरोध निर्वाचित हुए। साथ ही निम्न न्यासी ठाकुर धर्मजीत सिंह, अशोक अग्रवाल, मनोज भंडारी, गोपाल शर्मा, शेखर मुदलियार, कमल सोनी, अनिल अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अनिल अग्रवाल रहेंगे।

### कांग्रेस ने बाल गंगाधर तिलक और चन्द्रशेखर आज़ाद की मनाई जयंती




**बिलासपुर।** ज़िला कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण) द्वारा 23 जुलाई को स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक और क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आज़ाद की जयंती एवं पूर्व मंत्री स्व. बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि मनाई गई। उनके छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा बाल गंगाधर तिलक प्रखर राष्ट्रवादी थे। जिन्होंने अपने अखबारों के माध्यम से आज़ादी के प्रति जनचेतना जगाई। उन्होंने मराठा और केसरी नामक अखबार प्रकाशित किया। उन्हें अपने लेख के लिए जेल भी जाना पड़ा। उन्होंने नारा दिए स्वन्त्रता हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है और उसे हम लेकर रहेंगे। ज़फ़र अली, हरीश तिवारी ने कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद एक क्रांतिकारी थे। उनका मानना था आज़ादी मांगने से नहीं मिलेगी। इसके लिए इन्होंने क्रांति का रास्ता अपनाया और बिस्मिल, भगत सिंह,बटुकेश्वर नाथ जैसे क्रांतिकारी से मिल कर काकोरी कांड, सॉन्डर्स हत्या जैसे घटनाओं को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि बिसाहू दास महंत एक बड़े कद के नेता थे। उन्होंने ही अर्जुन सिंह को नेता प्रतिपक्ष बनाया। कार्यक्रम में माधव ओतलवार, विनोद शर्मा, त्रिभुवन कश्यप, जितेंद पांडेय, शिवा मिश्रा, विनोद साहू, स्वर्णा शुक्ला, शिल्पी तिवारी, प्रियंका तिवारी, हेमन्त दिघरस्कर, सुनील पांडेय, मनोज सिंह, सुभाष ठाकुर, मनोज शर्मा, गणेश रजक आदि उपस्थित थे।

निगम कमिश्नर ने गोलबाजार, सदरबाजार, तेलीपारा व्यापारी संघ के साथ की बैठक

# निगम ने स्वच्छता व अतिक्रमण को लेकर व्यापारी संघों से मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




नगर निगम ने स्वच्छता एवं अतिक्रमण के मामले को लेकर शहर के व्यापारियों से सहयोग मांगा है। बुधवार को निगम कमिश्नर अमित कुमार ने गोलबाजार, सदरबाजार व तेलीपारा व्यापारी संघों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि शहर हम सबका है और इसे व्यवस्थित करने एवं विकास की जिम्मेदारी भी हम सबकी है। स्वच्छता में हम देश में दूसरे स्थान पर है, लेकिन हमें पहले नंबर पर आना है।

■ कोतवाली पार्किंग में रखेंगे गाड़ी

निगम कमिश्नर ने इसके लिए सभी को साथ देने कहा है। उन्होंने कहा कि सभी अपने-अपने स्तर पर अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करें तो निश्चित तौर पर हम यह लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा अतिक्रमण के खिलाफ भी निगम कमिश्नर ने व्यापारियों से सहयोग करने कहा है। आज विकास भवन में गोलबाजार, सदरबाजार, तेलीपारा व्यापारी संघ के साथ निगम कमिश्नर ने बैठक की। इसमें उन्होंने व्यापारियों से कहा है कि दुकान के बाहर सामान और गाड़ियों की पार्किंग से ट्रैफिक अवरूद्ध होता है। गोलबाजार में यह समस्या और अधिक है। इसके लिए सिटी कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग तैयार किया गया है जिसका उपयोग सभी को करना चाहिए। खुद की एवं दुकान के कर्मचारियों की गाड़ी पार्किंग में रखवाएं। बैठक में व्यापारियों ने इसपर सहमति जताया है। इसके अलावा निगम कमिश्नर ने कहा कि संडे हो या कोई भी दिन अपने दुकान के बाहर सड़क पर ठेला लगने न दें। ऐसा होने पर दुकान मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी और दुकान को भी सील किया जाएगा। त्यौहार के सीजन में दुकानदारों द्वारा दुकान के काफी बाहर तक सड़क पर टेंट या टेबल लगा दिया जाता है। इस विषय पर व्यापारियों ने सड़क पर टेंट नहीं लगाने का आश्वासन दिया और निगम से तय सीमा तक अनुमति लेने के बाद ही टेंट या और साधन बढ़ाने को लेकर अपनी सहमति दी। इसके अलावा निगम कमिश्नर ने सभी दुकानदारों से दो डस्टबिन रखने, कचरा सड़क पर नहीं फेंकने, कचरा कलेक्शन गाड़ी को ही कचरा देने की बात सभी व्यापारियों से कही है। बैठक में निगम कमिश्नर ने व्यापारी संघों से कहा कि सदरबाजार, गोलबाजार में दुकानों के बोर्ड अलग-अलग है और सबका साईज भी अलग है। किसी का बोर्ड सड़क के किनारे तक लगा है। इससे सुंदरता भी खराब हो रही है और दुर्घटना की भी संभावना है। निगम कमिश्नर ने सुझाव देते हुए कहा कि सभी दुकानदार एक साईज और एक डिजाईन के बोर्ड अगर लगा लें तो अच्छा भी दिखेगा और अतिक्रमण भी नहीं होगा। इस पर संघ के पदाधिकारियों ने व्यापारियों से चर्चा करने की बात कही है।



## एसईसीएल में एचपीवी टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

**बिलासपुर।** एसईसीएल मुख्यालय के इंदिरा विहार स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को मिशन संजीवनी एचपीवी टीकाकरण अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई, जिसकी ओपनिंग एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने की।

अभियान का उद्देश्य एसईसीएल की महिला कर्मियों तथा उनके परिवार की पात्र महिला सदस्यों को एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमावायरस का टीका लगाकर सर्वाइकल कैंसर गर्भाशयग्रीवा कैंसर और एचपीवी से संबंधित अन्य बीमारियों के खतरे को कम करना है। इसमें पहले चरण में 2400 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए। इसके अंतर्गत 9 से 26 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाएं और बच्चियां टीकाकरण के लिए पात्र हैं। कंपनी की ओर से बेहद कारगर नोनावैलेन्ट एचपीवी वैक्सीन का उपयोग किया जा रहा है, जो करीब 90 फीसदी तक सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को कम करती है। इस अवसर पर सीएमडी हरीश दुहन ने कहा कि यह अभियान महिला स्वास्थ्य एवं कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी प्रयास जारी रखेगा। निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास ने कहा कि यह टीकाकरण अभियान केवल एक स्वास्थ्य पहल नहीं, बल्कि डिजिटल तकनीक के प्रभावी उपयोग का भी उदाहरण है। हमने एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से लाभार्थियों की पहचान, खुराक प्रबंधन, प्रमाणपत्र निर्माण और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग को संभव बनाया है।

इस दौरान निदेशक वित्त डी सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, श्रद्धा महिला मण्डल अध्यक्षा एवं एसईसीएल परिवार की प्रथम महिला श्रीमती शशि दुहन, उपाध्यक्षा श्रीमती अनीता फ्रैंकलिन, सीएमएस डॉ. श्रीमती प्रतिभा पाठक, सीएमएस, इंदिरा विहार, डॉ.श्रुति देव मिश्रा, विभागाध्यक्ष, श्रमसंघ प्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

**डिजिटल पोर्टल से ट्रैकिंग और रिपोर्टिंग**

यह कोल इंडिया की सहायक कंपनियों में संभवतः पहला ऐसा एचपीवी टीकाकरण अभियान है, जिसे डिजिटल प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित किया जा रहा है। एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से टीकाकरण की हर खुराक की रीयल-टाइम ट्रैकिंग की जा रही है। प्रत्येक डोज के बाद लाभार्थी को पोर्टल द्वारा डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जा रहा है।

**सर्वाइकल कैंसरः एक नजर**

एचपीवी एक आम वायरस है, जो गर्भाशयग्रीवा के कोशिकाओं को प्रभावित कर सकता है। देश में प्रतिवर्ष लगभग 1.25 लाख महिलाएं सर्वाइकल कैंसर से प्रभावित होती हैं और 70 हजार से अधिक महिलाओं की मृत्यु इस बीमारी से हो जाती है। यह एकमात्र ऐसा कैंसर है, जिसे टीकाकरण और समय पर स्क्रीनिंग से काफी हद तक रोका जा सकता है। यह टीकाकरण अभियान कंपनी की समावेशी स्वास्थ्य नीति और नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अब 24 घंटे पहले यात्रियों को देना होगा इमरजेंसी कोटे के लिए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेन में कंफर्म बर्थ का अरमान रखने वाले लोगों को अब चार घंटे पहले नही 24 घंटे पहले रेलवे के पास इमरजेंसी कोटा जमा करना होगा। इसके बाद के आवेदन पर किसी तरह का विचार नहीं किया जाएगा। इस नए फरमान का रेलवे बोर्ड ने सर्कुलर जारी करते हुए सभी जोन मुख्यालय की तरह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जोन व डिवीजन को आदेश भेज दिया है।



ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए रेल प्रशासन ने अलग-अलग कोच की सुविधा दी गई है। इसमें जनरल कोच में भीड़ अधिक होने के कारण यात्री स्लीपर में या स्लीपर में भीड़ से बचने के लिए एसी थ्री, एसी थ्री इकानामी, एसी टू और ज्यादातर वीआईपी, वीवीआईपी यात्री एसी फर्स्ट क्लास में सफर करना पसंद करते हैं, ताकि उनका सफर आरामदायक हो सके। इसके लिए रेलवे ने अलग-अलग जनरल, स्लीपर, एसी की अनारक्षित और आरक्षित टिकिट की किराया राशि भी निर्धारित की है। आरामदायक सफर करने के लिए यात्री दो माह पहले से ही बुकिंग कर लेते हैं। निर्धारित समय और संबंधित तिथि तक चलने वाली ट्रेन में बुकिंग का आंकड़ा ऐसा हो जाता है, कि बर्थ से अधिक यात्री कंफर्म होने के लिए बुकिंग कर लेते हैं। रेलवे ने स्लीपर, एसी थ्री, एसी टू, और एसी टू के लिए कुछ बर्थ अपने पास रखा है, जिसका कोटा सभी बड़े स्टेशन के अधिकारियों को जारी करने का अधिकार है। वर्तमान में किसी भी ट्रेन के बर्थ का कोटा एलॉट करने का अधिकार कामर्शियल विभाग के अफसरों को दिया गया है। कई वीआईपी के अलावा ऐसे लोग जिनकी वेटिंग टिकिट रहती है, वे कंफर्म बर्थ लेने के लिए रेलवे के डिवीजन और जोन कार्यालय में इमरजेंसी कोटा लगाते हैं। इसमें कई बार बर्थ देने भी अधिकारियों को परेशानी होती है। अब तक यह सिस्टम ऐसा था कि ट्रेन रवाना होने के चार से 6 घंटे पहले यानि चार्ट बनने से पूर्व ही इमरजेंसी कोटा लगाने वाले कुछ यात्रियों को ही बर्थ एलॉट हो पाता है।

## पर्यावरण प्रेमी मंच ने जयंती पर की पौधरोपण अभियान की शुरुआत



**बिलासपुर।** क्रांतिवीर चंद्र शेखर आजाद की 119 वीं जयंती पर पर्यावरण प्रेमी मंच ने सितंबर तक चलने वाले पौधारोपण अभियान की शुरुआत की। मंच के अध्यक्ष सुदेश दुबे एवं महासचिव अमीन मुगल ने बताया कि मंच प्रतिवर्ष आजाद की जयंती से सितम्बर तक नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण करता है। इस वर्ष नगर निगम के पूर्व पार्षद निर्मल बत्रा की स्मृति में राजकिशोर नगर उद्यान में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पिन्की निर्मल बत्रा, अंकित बत्रा, रिन्कू छाबड़ा, संजय सोनी, गौरव एरी,भरत जुर्यानी,पवन पाण्डेय, अनूप केशरवानी, पार्षद दिलीप पाटिल, पार्षद प्रितेश सोनी, पवन पाण्डेय, निक्की सोनी, अंकित प्रजापति, नरेश नायर, मुन्ना खान शामिल रहे।

बिजनेस प्लस

## सलूजा ने जन्मदिन पर बांटी छतरी



**बिलासपुर।** कैट के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजू सलूजा जन्म दिवस पर छगउमाशा फुल चौक में स्कूल के लगभग छात्र छात्राओं को बारिश से बचने छाता वितरण किया गया। प्राचार्य प्रशांत चिपड़े ने कैट पदाधिकारियों और श्री सलूजा का इस पहल के लिए धन्यवाद दिया।

श्री सलूजा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है एवं यदि कोई बच्चा पढ़ने में तेज है, परन्तु आर्थिक स्थिति में कमजोर है तो ऐसे बच्चों के शिक्षा के लिए वे एवं कैट बिलासपुर परिवार सदैव तत्पर है। कैट महामंत्री हीरानंद जयसिंह एवं मीडिया प्रभारी व संगठन मंत्री परमजीत उपेजा ने बताया कि कैट बिलासपुर द्वारा ग्रामीण बच्चों के लिए समय समय पर कार्यक्रम कराए जाते हैं। इसी तारतम्य में राजू सलूजा के जन्मदिवस पर यह कार्यक्रम रखा गया। स्कूली बच्चों के साथ श्री सलूजा ने केक काटकर जन्मदिन मनाया।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रशांत चिपड़े, मधुरकांत शर्मा, कैट महामंत्री हीरानंद जयसिंह, कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप खेंडेलवाल, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह अजमानी, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, संगठन मंत्री परमजीत उपवेजा, सुनील रॉय, राजेंद्र सिंह, अरविंद वर्मा, आकाश, निहारिका त्रिपाठी , अनामिका दुबे, प्रतिज्ञा सिंह, दिव्या, फिरोज आलम आदि मौजूद थे।

## अल्पसंख्यक कल्याण निगरानी समिति के जुबैर सदस्य नियुक्त



बिलासपुर। अल्पसंख्यक समुदाय के सर्वांगीण विकास और कल्याण को मजबूती देने के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव की अनुशंसा के बाद बिलासपुर जिले में जिला स्तरीय अल्पसंख्यक कल्याण समिति तथा प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम की निगरानी समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर (आदिवासी विकास) कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर संजय अग्रवाल को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि सहायक आयुक्त (आदिवासी विकास) को सदस्य-सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। समिति में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से 16 प्रतिष्ठित सदस्यों को शामिल किया गया है, जो अल्पसंख्यकों से जुड़े विकास कार्यों की निगरानी व दिशा-निर्देश तय करेंगे। समिति में युवा नेता हाजी जुबैर को सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।



# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 24 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255


रिजल्ट

## डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा डीएलएड (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) प्रथम एवं द्वितीय वर्ष मुख्य/अवसर परीक्षा वर्ष 2025 के परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी अपना रोल नंबर दर्ज कर माध्यमिक शिक्षा मण्डल की अधिकृत वेबसाइट www.cgbse.nic.in पर परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। डीएलएड प्रथम वर्ष में इस वर्ष 3825 बालक और 3404 बालिकाओं सहित कुल 7229 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे। वहीं द्वितीय वर्ष की परीक्षा में 3438 बालक और 3732 बालिकाओं सहित कुल 7170 परीक्षार्थी शामिल हुए।

### जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना के कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा के परिणाम

पं. जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना यथा संशोधित-2021 के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा वर्ष 2025-26 के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी अपने परिणाम जगदलपुर के कलेक्टोरेट स्थित आदिवासी विकास शाखा कार्यालय के सूचना पटल पर देख सकते हैं। यदि किसी भी परीक्षार्थी को परिणाम से संबंधित कोई आपत्ति है तो वे सोमवार 28 जुलाई तक कार्यालयीन समय में अपनी दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

कार्यक्रम

## तीन दिवसीय महिला स्वावलंबन प्रदर्शनी का समापन



**बिलासपुर।** लायंस क्लब स्माइल और गुलदस्ता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय महिला स्वालंबन प्रदर्शनी का समापन किया गया। संस्था का उद्देश्य सभी महिलाओं को घर से निकाल कर अपनी खुद पहचान बनाना है, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। इस उद्देश्य को लेकर 6 वर्षों से संस्था अनवरत कार्य कर रही है, कार्यक्रम में अंतिम दिन सड़क सुरक्षा जागरूकता लाने के लिए सभी छोटे बच्चों में ड्राइंग कंपटीशन कराया गया। प्रतियोगिता में विषय था सड़क सुरक्षा जिसमें 6 साल से लेकर 15 साल तक के स्कूली बच्चों ने भाग लिया, समापन अवसर पर यातायात के मास्टर ट्रेनर उमाशंकर पांडे ने यातायात के बारे में सभी महिलाओं को जानकारी दी। चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को संस्था के द्वारा पुरस्कार दिया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार दिए गए। संस्था के अध्यक्ष रीता राजगीर, सचिव डॉक्टर सुरभि राजगीर, कोषाध्यक्ष दीप्ति साहू,डॉ सविता पांडे, सुनीता विश्वकर्मा, ज्योति सिंगरौली, कामिनी स्वर्णकार, ज्योति नामदेव, रेणुका स्वर्णकार,सुनीता देवांगन मौजूद रही

आयोजन

## 850 श्रद्धालुओं को लेकर भारत गौरव ट्रेन अयोध्या रवाना



**बिलासपुर।** श्रीराम लला दर्शन योजना के तहत संभाग के 850 श्रद्धालुओं को लेकर भारत गौरव ट्रेन बिलासपुर स्टेशन से अयोध्या रवाना हुई। पर्यटन विभाग के अध्यक्ष नीलू शर्मा ,तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह, बिल्हा विधायक धर्मलाल कौशिक और बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने ट्रेन को दिखाई हरी झंडी।



उत्सव

## महिलाओं ने गाया शिव भजन, सावन सुंदरी का खिताब मनचंदा को



**बिलासपुर।** स्लग देसी दिवाज़ ग्रुप ने एक निजी होटल में हरियाली के बीच सावन उत्सव मनाया। इस दौरान शिवजी का भजन गाया गया। इससे माहौल शिवमय बना रहा। सावन सुंदरी का खिताब केसर मनचंदा को मिला। ग्रुप की व्यवस्थापिका सुनयना नायर और श्वेता पटेल ने बताया कि दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सावन से जुड़े विविध तरह के मनोरंजक गेम्स में सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पंचुअल्टी का इनाम ज्योति द्विवेदी को मिला। हाउजी में वंदना बाजपेयी, गीता बरेठ, किरण रामरख्यानी, सावन से जुड़े मनोरंजक गेम्स में ज्योति द्विवेदी, अलका शिवहरे, ज्योति सोनी, सीमा शर्मा, सुमिता दास गुप्ता, पिंकी कश्यप विजेता रही। सावन सुंदरी का चुनाव लकी ड्रा के माध्यम से किया गया। जिसकी विजेता केसर मनचंदा रही। सभी विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। सभी महिलाओं ने सावन के गीतों पर थिरकते हुए आनंद लिया एवं कई तरह व्यंजनों का लुत्फ़ उठाया।। ग्रुप की यू-ट्यूबर सुमिता दास गुप्ता ने शॉल, श्रीफल देकर सम्मान किया।

श्रावणी शिवरात्रि पर शहर के शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा की गई। शिव भक्तों ने सुबह से मंदिर पहुंच कर शिवलिंग को जल चढ़ा व्रत रखा। कांवरियों ने रतनपुर स्थित बूढ़ादेव महादेव मंदिर जाकर जल चढ़ाया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हर साल आने वाली बारह शिवरात्रियों में सावन माह की शिवरात्रि का विशेष महत्व होता है। यह दिन भगवान शिव की उपासना और आशीर्वाद प्राप्त करने का श्रेष्ठ अवसर माना जाता है। मान्यता है कि सावन शिवरात्रि पर की गई पूजा महादेव को अतिप्रिय होती है और इससे जीवन में सुख, शांति व मंगलता का आगमन होता है।



# श्रावणी शिवरात्रि पर भोलेनाथ की विशेष आराधना





## दुर्गा मंदिर में महिलाओं ने किया सामूहिक रुद्राभिषेक

परशुराम ब्राह्मण महिला कल्याण समिति ने दुर्गा मंदिर तेलीपारा में सामूहिक रुद्राभिषेक किया। जिसे पं. राज किशोर पांडेय ने संपन्न कराया। इस अवसर पर राजश्री, शोभा मिश्रा, उमा त्रिपाठी, सरोज मिश्रा, पुष्पा, रश्मि शुक्ला, रीता, प्रेमलता तिवारी, श्रद्धा शर्मा, नाग लक्ष्मी द्विवेदी, शशि दुबे, ज्योति चतुर्वेदी, विभा पांडेय, रमा तिवारी, कृष्णा, मौली दुबे, लता, मंजुलता, अलका, अनन्या मिश्रा की सहभागिता रही। सभी लोगों ने अभिषेक, हवन, आरती कर भगवान शिव की आराधना की।



रतनपुर स्थित भैरवबाबा मंदिर में पंडित जागेश्वर अवस्थी द्वारा प्रदोष काल महाशिवरात्रि पर विशेष पूजन व अभिषेक किया गया।

### डेढ़ सौ श्रद्धालु बैजनाथ धाम यात्रा के लिए रवाना



बोलबम समिति कुदुदंड के सौजन्य से देवरीखुर्द, पेंड्रा से लगभग 150 श्रद्धालु बैजनाथ धाम की यात्रा के लिए बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस से रवाना हुए। शांता फाउंडेशन की ओर से श्रद्धालुओं के लिए पानी एवं फर्स्ट ऐड बॉक्स की व्यवस्था की गई। सेवा कार्य तविन्दर भाटिया के सौजन्य से किया गया। इस मौके पर शांता गेमनानी, पवन भोसले, डी विनीता रॉव, सृष्टि सिंह, डी निहारिका रॉव, मधु आहुजा, पुष्पराज शुक्ला, शशांक शेखर दुबे उपस्थित रहे।

### 21 पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक



विद्या विकास एवं कल्याण समिति के द्वारा विद्या नगर नगर शिव मंदिर में गुप्त शिवरात्रि के अवसर पर 21 पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक पंडित पंकज भूषण मिश्र के द्वारा कराया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहें।

## छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार हरेली आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार हरेली पर्व गुरुवार 24 जुलाई को मनाया जाएगा। यह एक कृषि का त्यौहार है। जिसे किसान ख़ुशी के साथ मनाएंगे। युवक नारियल फोड़ प्रतियोगिता एवं बच्चे गेड़ी चढ़ने का आनंद लेंगे। हरेली छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्यौहार है। इसे हर साल सावन मास के कृष्ण पक्ष अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन सभी किसान अपने कृषि से जुड़े सभी औजारों की सफाई कर उसकी पूजा करेंगे। नारियल फोड़ कर चावल आटे से तैयार पकवान की भोग लगाएंगे। साथ ही अपने खेतों में धान बोकर फसल अच्छी होने की कामना की करेंगे। हरेली तिहार के दिन पूजा करने से पर्यावरण शुद्ध और सुरक्षित रहता है। फसल उगती है तो किसी प्रकार की बीमारी नहीं लगती है। यादव बंधु घर-घर जाकर नीम का डगाल लगाएंगे। घर के दरवाजे में कील ठोंकते हैं। माना जाता है कि नीम का डगाल लगाने के पिछे भी वैज्ञानिक कारण होता है।



# पौधे लगाकर उसे जीवित रखना बड़ी बात

जिला उद्योग संघ द्वारा वर्षा ऋतु में सघन पौधरोपण किये जाने का संकल्प को उद्योगपति अपने उद्योग के सामने सड़क के किनारे पौधरोपण कर रहे है। इस वर्ष उद्योगपतियों को 10 हज़ार पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है।



जिला उद्योग संघ 10 हजार पौधे लगाएगा

**बिलासपुर।** सीएसआईडीसी द्वारा उद्योग संघ को आबंटित हरित क्षेत्र की 1 लाख वर्गफीट भूमि सिलपहरी में आबंटित की गई है, उद्योग संघ के प्रतिनिधि के रूप में प्रणव अग्रवाल,जयप्रकाश अग्रवाल पुरे हरित क्षेत्र की देखरेख करेंगे, इसके साथ फेंसिंग निर्माण की पूरी जिम्मेदारी वहन करेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक धर्मलाल कौशिक, छ.ग.लघु एवं सहायक उद्योग संघ अध्यक्ष हरीश केडिया की अध्यक्षता में सिलपहरी औद्योगिक प्रक्षेत्र में 2 से 3 हजार पौधे रोपित किये गए है। मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते कहा की इस वर्ष बिल्हा क्षेत्र 60 हज़ार पौधे रोपित किया जा चुके है, अभी यह अभियान जारी है। उन्होंने कहा की पौधे लगाकर उसे जीवित रखना बड़ी बात होती है। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में हरीश केडिया द्वारा बताया गया की उद्योग संघ ने द्वारा पूर्व में आबंटित 10 एकड़ एवं फिर 15 एकड़ भूमि विगत वर्षो में हजारों पौधे लगाकर उन्हें जीवित रखा है।

कार्यक्रम का संचालन शरद सक्सेना द्वारा किया गया, पौधरोपण के बाद आवश्यक होने पर ट्री गार्ड लगाएं जाएंगे। ट्रीगार्ड बृजमोहन अग्रवाल, शिव अग्रवाल, एनएस राजू एवं पुष्पिंदर सिंह भाटिया द्वारा 50-50 ट्री गार्ड प्रदान किए गए। क्रायक्रम में संतोष ध्रुव, प्रबंधक अलोक साहू, कार्यपालक अभियंता प्रदुषण निवारण मंडल पवन ओझा, प्रबंधक अशोक बारी, सतीश शाह,पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, चन्द्रकान्त भट्ट, अरविन्द गर्ग, राम सिखिजा आदि उपस्थित थे।

## वैदिक परंपरा से जन्मदिन मनाने का संकल्प

**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में साप्ताहिक यज्ञ के मुख्य यजमान दुःख भंजन जायसवाल पत्नी कल्याणी जायसवाल रहे। सत्येंद्र चावला और देवांश जादवानी का जन्मदिन वैदिक रीति से यज्ञ कर मनाया गया और हर साल भारतीय वैदिक परंपरा अनुसार प्रतिवर्ष जन्मदिन मनाने का संकल्प भी लिया।

सत्संग में श्रद्धा पटेल ने भजन प्रस्तुत किया। अरविंद गर्ग ने बच्चों को हर रविवार समाज में आने की प्रेरणा दी। अंजलि साहू ने कहा कि ईश्वर संसार को बनाता है और संसार में जीने की कला सिखाता है। आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि 19 जुलाई स्वतंत्रता की बलिवेदी पर प्रथम आहुति देने वाले वीरवर मंगल पांडेय की जयंती थी। उन्होंने कारतूसों में गाय और सूअर की चर्बी के इस्तेमाल करने के खिलाफ विद्रोह किया था और अंग्रेज अफसर को गोली मार दी तब से विद्रोह और अधिक भड़क उठा और पूरे देश में अग्नि की तरह अंग्रेजों के विरुद्ध क्रांति की ज्वाला फैल गई। अंग्रेजों से देश को स्वतंत्र करवाने अनेक क्रांतिकारियों ने अपना बलिदान देकर देश को आजाद कराया। अंग्रेजों से आजादी में सबसे बड़ा योगदान मंगल पांडेय का था। मंच का संचालन कर रहे आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने बताया कि हर रविवार को होने वाले हवन, सत्संग में युवाओं, बच्चों व परिवारों को हमारी संस्कृति, सभ्यता, देशभक्ति के बारे में जानकारी देने का प्रयास रहता है। आर्य समाज के उपाध्यक्ष डॉ प्रेमांकुर गुप्ता ने बताया कि 30-31 अगस्त को दो दिवसीय लघु गुरुकुल शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सूरज वस्त्रकर, देव यादव, दिनेश चौहान, हीरा चंद्रा, पवन मोहता, लाखन सिंह नागदेव, जितेंद्र पटेल, बसंत देवांगन, नवीन जादवानी, माता सुलोचना चावला आदि सपरिवार उपस्थित रहे।



आर्य समाज वसुंधरा विहार में साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग

स्पोर्ट्स न्यूज

दोनों खिलाड़ियों ने 5-5 गोल्ड मेडल जीतकर शहर का नाम रौशन किया

# शिवांगिनी और आरव ने बेस्ट तैराक का खिताब जीता

सीबीएसई फॉर वेस्ट जोन बरगढ़ में आयोजित की गई जिसमें बालिका वर्ग में शिवांगी पांडे ने चैंपियनशिप में जीत अर्जित कर परचम लहराया है।




**बिलासपुर।** कॉरपोरेशन तैराकी संघ के सचिव हेमंत सिंह परिहार ने बताया शिवांगिनी और आरव के चैंपियन बनने पर भव्य स्वागत किया गया, इन्होंने 5 गोल्ड मेडल प्राप्त किया 50 मीटर बटरफ्लाई, 100 मी बटरफ्लाई, 200 एम बटरफ्लाई, 200im और 50 मीटर फ्रीस्टाइल में गोल्ड मेडल प्राप्त कर चैंपियनशिप में कब्जा किया। इसी तरह बालक वर्ग में आरव शर्मा ने 5 गोल्ड मेडल प्राप्त कर चैंपियनशिप में कब्जा किया 50 मी बैक स्ट्रोक 100 मी बैक स्ट्रोक 200 मी, बैक स्ट्रोक 100 मीट, फ्रीस्टाइल और 200 मीटर फ्री स्टाइल में गोल्ड मेडल प्राप्त कर इन्होंने अपने ग्रुप में चैंपियनशिप हासिल किया। तैराक अयान, अली खान का आईआईटी मद्रास में कंप्यूटर साइंस में चयन हुआ है। इनके कोच संतोष पाल व शंकर पांडे है। इस अवसर पर स्नेहिल घोष,अमरनाथ सिंह, सतीश सिंह, ठाकुर हेमंत सिंह परिहार, बीस यादव, मनोज कश्यप, सुनील शर्मा,बसाक धारा, विनय सिंह, दिनेश सिंह ठाकुर, अजय कश्यप, मनीषा पालरिया, सोनू सिंह, गीता ,बबीता, मुनमुन घोष, सुषमा आदि लोग उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### विरानी पब्लिक स्कूल में ग्रीन डे कार्यक्रम, बच्चों ने दी प्रस्तुति



**सीपत।** विरानी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल सीपत में आयोजित ग्रीन डे कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा से सबका मन जीत लिया। नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों ने हरियाली के संदेश से ओतप्रोत इस आयोजन में रंग-बिरंगी वेशभूषाओं में सज कर मंच पर कविता, गीत, स्लोगन और ज्ञानवर्धक संवादों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों ने हरे-भरे पेड़, सब्जियां, फल, फूल, डॉक्टर, फौजी, किसान आदि की झलक अपने अद्भुत रूप में प्रस्तुत की। उनकी सजीव अभिव्यक्तियों ने शिक्षकों और पालकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्या तारागिरी ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि बच्चों की रंग-बिरंगी पोशाकें और मासूम प्रस्तुतियां हम सबके दिलों को छू गईं। ऐसे मंच उनके आत्मविश्वास को निखारते हैं और आने वाले कल को सुनहरा बनाते हैं। कार्यक्रम में पालकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इनमें नीलिमा गुप्ता, आशा गुप्ता, संजय मिश्रा, ओमप्रकाश यादव, आरती गुप्ता, अंजू खरे, श्वेता सिंह क्षत्री, अंजलि पटेल, गोमती वस्त्रकार, आरती राठौर, रागिनी राठौर, विमल तिवारी, प्रभा यादव, प्रियंका डोंगरे, डाली गोस्वामी, योगिता पटेल, सुमन केवट, एमए अश्वथी, पी अनुषा, प्रियंका सूर्यवंशी, रजनी भोई, विश्वांत डहरिया, निरंजन दास मानिकपुरी, माधुरी राठौर, अन्नपूर्णा, शशि वंशकार आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का सुंदर संचालन दीपक राठौर ने किया।

### जीवन की सार्थकता शिव की भक्ति में निहित



**तखतपुर।** नगर के पुराना थाना प्रांगण में आयोजित श्री शिव महापुराण में कथा वाचक पंडित नवीन पाठक ने कथा विस्तार करते हुए कहा कि जो मनुष्य शिव भक्ति में स्वयं को अर्पित कर देता है, वह जन्म मरण के बंधनों से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन नश्वर है। जीवन की सार्थकता तो शिव की भक्ति में ही निहित है। कलयुग में शिव महापुराण की कथा ही सबसे आसान मुक्ति का साधन है, जो शिव की कथा श्रवण करता है उसके सात जन्मों के पाप भी कट जाते हैं। उन्होंने महादेव की भक्ति और उन्हें प्रसन्न करने के उपाय भी बताएं। कथा के दौरान कहा कि भक्त की भक्ति से जल्द प्रसन्न होने वाले देवताओं में शिव ही है और शिव ही कल्याण करते हैं। शिव की भक्ति कर इस संसार रूपी भवसागर को पार कर अपने जीवन को सार्थक बनाएं। कथा अवसर पर मुकेश ताम्रकार,पारस सोनी, सोनिया सोनी, जितेंद्र शुक्ला, टेकचंद कारड़ा, राजू ठाकुर, संतोष ठाकुर, नीलेश धनकर, लल्लन शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे।

### महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**तखतपुर।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी के पास से पुलिस ने साढ़े 6 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त करते हुए आबकारी अधिनियम 34,2 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि साल्हेकापा धनवार पारा निवासी आकाश धनवार अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए घूम रहा है सूचना पर पुलिस ने आकाश को उसके घर के पास से धरदबोचा और उसके पास साढ़े 6 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया।

## प्रशासन ने मुआवजा सहित हरसंभव सहायता का दिया आश्वासन

# कुएं की सफाई के दौरान दो ग्रामीणों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

ग्राम खेढ़ा में कुएं की सफाई के दौरान मिथेन गैस की चपेट में आकर दो ग्रामीणों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान दिनेश निषाद उम्र 50 वर्ष और पुरुषोत्तम निषाद उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना प्रशासन को दी, जिसके बाद कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, तहसील प्रशासन, पुलिस बल, राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची।

एसडीआरएफ की टीम ने तत्परता दिखाते हुए विशेष उपकरणों की मदद से कुएं में उतरकर दोनों शवों को बाहर निकाला। ग्रामीणों में जागरूकता के अभाव के चलते कुएं में मिथेन गैस के प्रभाव से ग्रामीणों की मौत का यह दूसरा बड़ा हादसा है। कुछ वर्ष पूर्व पड़ोस के गांव मौहामड़वा में भी कुएं में उतरने के बाद एक के बाद एक चार ग्रामीणों की मौत हो गई थी। ग्राम खेढ़ा में बुधवार को यह हादसा उस समय हुआ, जब पुरुषोत्तम निषाद सफाई के लिए कुएं में उतरे और अंदर मौजूद जहरीली मिथेन गैस के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया। जब काफी समय तक वह बाहर नहीं निकले, तब उन्हें बचाने के उद्देश्य से दिनेश निषाद भी कुएं में उतर गए। लेकिन वे भी उसी गैस के प्रभाव में आ गए और दिनेश की भी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि ग्राम खेढ़ा से लगे ही पास के गांव मौहामड़वा में कुछ वर्षों पूर्व भी इसी प्रकार की हादसा हुआ था, जिसमें कुएं में उतरे एक के बाद एक चार ग्रामीणों की मौत हो गई थी। ग्रामीणों में जागरूकता के अभाव के चलते इस प्रकार की दुर्घटनाएं हो जाती है। कलेक्टर और एसपी ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि बिना किसी सुरक्षात्मक उपायों और उचित प्रशिक्षण के कुएं, टैंक, सेप्टिक टैंक जैसे बंद स्थानों में न उतरें। उन्होंने कहा कि अक्सर पुराने या लंबे समय तक बंद रहे कुओं में मिथेन जैसी जहरीली गैस एकत्रित हो जाती है, जिससे वहां पर ऑक्सीजन की कमी हो जाती है और व्यक्ति के लिए घातक साबित हो सकती है। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए स्थानीय निकाय या प्रशासन से संपर्क कर विशेषज्ञों की मदद ली जानी चाहिए। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे खेड़ा गांव में मातम का माहौल है। दोनों मृतक ग्रामीण समाज में मेहनती और लोकप्रिय व्यक्तियों में गिने जाते थे, उनके असमय निधन से गांव के लोग शोकाकुल हैं।



रेस्क्यू करती जिला प्रशासन की टीम।

#### मुआवजा का आश्वासन

प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता और मुआवजा राशि प्रदान करने का आश्वासन दिया है। जिला प्रशासन ने शवों का पोस्टमार्टम करवाया और कानूनी औपचारिकताओं के बाद अंतिम संस्कार की प्रक्रिया की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि जिले में कहीं भी कुएं या अन्य बंद संरचनाओं की सफाई के पूर्व संबंधित पंचायत अथवा जनपद अधिकारियों को जानकारी दी जाए, ताकि सुरक्षा मापदंडों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। प्रशासन की ओर से जल्द ही इस प्रकार की सफाई कार्यों के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया जारी करने की तैयारी की जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।



## कृषि कार्यों को लेकर कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तूरी

जिले में कृषि कार्यों को सुचारू, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में एक विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन ब्लॉक के सभा कक्ष में किया गया। इस बैठक में फार्मर एग्री स्टेक पंजीयन, फसल बीमा, जल संरक्षण तथा भूमि बंटांकन (बंटवारा) से संबंधित विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि कृषि से जुड़े सभी विषयों में पारदर्शिता, त्वरित कार्यवाही और किसानों की सहभागिता आवश्यक है। हमारा उद्देश्य सिर्फ योजनाएं लागू करना नहीं है, बल्कि किसानों तक उसका वास्तविक लाभ पहुंचाना है। इस दौरान उन्होंने एग्रीस्टेक योजना के तहत किसान पंजीयन की अत्यंत धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मात्र 44.9 प्रतिशत किसानों का पंजीयन हुआ है। उन्होंने एक-एक गांव वार इसमें प्रगति की समीक्षा की एवं कृषि और राजस्व विभाग को मिल कर इसमें प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित नहीं रहना चाहिए, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने गांव वार शिविर लगाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को जागरूक कर बीमा कवरेज सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बीमा की अंतिम तिथि से पूर्व सभी कृषकों का बीमा अनिवार्य रूप से कराया जाए। कलेक्टर ने जल संरक्षण कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि कृषि विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और जल संसाधन विभाग मिलकर वर्षा जल संचयन के लिए योजना बनाए एवं गांवों में जल उपयोग की जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाए। इसके लिए उन्होंने गांवों में संगोष्ठी आयोजित करने को कहा। कलेक्टर ने भूमि बटांकन और सीमांकन के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताई और स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित बंटांकन प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण किया जाए। संबंधित पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों की जिम्मेदारी तय की जाए। उन्होंने त्रुटि सुधार के कार्यों को भी प्राथमिकता से करने कहा। बैठक में एसडीएम प्रवेश पैकरा, कृषि उप संचालक पीडी हथेश्वर, तहसीलदार जयंती देवांगन, सोनू अग्रवाल, जनपद सीईओ जेआर भगत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

- किसान पंजीयन, फसल बीमा और जल संरक्षण की समीक्षा

#### कृषि आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम

## किसानों को किया गया अरहर दाल के बीज का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सीपत में सोमवार को किसानों को अरहर दाल के बीज का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र धीवर ने बीज वितरण कार्यक्रम को किसानों के लिए स्वावलंबन की नई शुरुआत बताते हुए उन्होंने कहा कि हम किसानों को सिर्फ बीज नहीं दे रहे, बल्कि उनके हाथ में भविष्य की चाबी सौंप रहे हैं।

अरहर जैसी दालें सिर्फ खेत में नहीं, हमारे परिवारों की थाली में पोषण और बाजार में मूल्य जोड़ती हैं। यदि किसान मजबूत होगा तो गांव मजबूत होगा, और गांव से ही देश की नींव खड़ी होती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप ने किसानों से कहा कि आज जरूरत है कि हम किसानों को सिर्फ संसाधन ही नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन और बाजार से जोड़ने की रणनीति भी दें। बीज देना पहला कदम है, लेकिन हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य मिले। सहकारिता आंदोलन की ताकत से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी जा सकती है। जनपद कृषि स्थायी समिति के सभापति मनोज खरे ने कहा कि कृषि क्षेत्र देश की रीढ़ है, और किसान इस देश के असली निर्माता हैं। जब तक किसान का चेहरा खुशहाल नहीं होगा, तब तक विकास अधूरा रहेगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य उषा कैवर्त, उपसरपंच प्रतिनिधि शशिकांत साहू भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और किसानों को उन्नत बीज के माध्यम से बेहतर उत्पादन के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।




बीज का वितरण करते जिला पंचायत सदस्य।

#### किसानों में उत्साह

बीज वितरण को लेकर किसान उत्साहित नजर आए। उनका कहना था कि समय पर बीज मिलने से खेती का काम व्यवस्थित ढंग से शुरू हो सकेगा।

## अल्पसंख्यक कल्याण समिति गठित

**तखतपुर।** कलेक्टर द्वारा जिला स्तरीय अल्पसंख्यक कल्याण समिति गठित किया है जिसमें नगर की तबस्सुम जिंदरान, सबरजीत कौर और मलय जहानी की नियुक्ति सदस्य के रूप में किया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के दिए निर्देश के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला बिलासपुर के द्वारा प्रस्तावित नाम के आधार पर किया गया है।

## मंगला अरपा शिवनाथ संगम से कांवड़ यात्रा 26 को

**बोदरी।** ग्राम मंगला मटियारी धाम से भक्तिमय कावड़ यात्रा का आयोजन 26 जुलाई को किया जा रहा है, जिसमें अरपा शिवनाथ संगम से जल लेकर हजारों कांवड़ियों का दल खरौद नगर शिवरीनारायण लिए प्रस्थान करेगा एवं लक्ष्मणेश्वर महादेव को 28 जुलाई सोमवार को जल अर्पित किया जाएगा। इस आयोजन को सफल एवं भव्य बनाने के लिए मधु डीजे के साथ आयोजन समिति के पदाधिकारी उमेश खुसरो, सरपंच प्रतिनिधि भुवन लाल साहू, नवीन तिवारी, शिव प्रसाद पटेल, जितेंद्र पटेल, रथ राम पटेल, शिवचरण पटेल, फुलेश्वर पटेल, यशवंत पटेल, ऋषि निषाद एवं बोल बम समिति के सदस्य हुए हैं।



## निधन

### पुनि राम पटेल



**बिलासपुर।** ग्राम लोखंडी निवासी पुनीराम पटेल का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 जुलाई को लोखंडी मुक्तिधाम में किया गया। वे तिहारू राम पटेल के पुत्र और शिव शंकर, रवि, बलराम पटेल के पिता थे।

### तुंगनराम यादव



**बिलासपुर।** तखतपुर के ग्राम पेन्ड्री निवासी तुंगन राम यादव का 22 जुलाई को निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 23 जुलाई को गृह ग्राम पेन्ड्री में किया गया। वे कलेश्वर यादव, दिलेशवर यादव, पंचराम यादव के पिता एवं राकेश यादव दुर्गा के दादा थे।

### विश्राम कैवर्त



**बेलतरा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जाली के पूर्व सरपंच विश्राम कैवर्त का 73 वर्ष की आयु में 22 जुलाई को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 23 जुलाई सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे संतोष के पिता थे।

### गायत्री यादव



**बिलासपुर।** ग्राम कोपरा निवासी श्रीमती गायत्री यादव पति स्व. छोटे लाल यादव का 23 जुलाई को 73 साल की आयु में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में 24 जुलाई को किया जाएगा। वे राजेन्द्र, सुरेश, नरेश एवं मुकेश यादव की माता थीं।


**संशोधन**

हरिभूमि बिलासपुर दिनांक 23/7/2025 के बिलासपुर भूमि में प्रकाशित ईश्तहार गणेश प्रसाद महार के विज्ञापन में ख.नं. 205/60 के स्थान पर भूलवश 2051/60 प्रकाशित हुआ है जिसे कृपया सुधारकर ख.नं. 205/60, रकबा 0.0100 हे. पढ़ा जावे।

**न्यायालय - श्रीमान आयुक्त कर्मचारी अधिकारी 1923 सह श्रम न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी- श्री आदित्य जोशी)
// समंस / नोटिस //
कुमारी नम्रता यादव विरूद्ध मेसर्स अभिषेक तिवारी
प्रकरण क्रमांक 50/ई.सी. एक्ट/2024/ नॉन फेटल
आदेश दिनांक- 17.07.2025,
पेशी दिनांक 26.08.2025

प्रति,
मेसर्स अभिषेक तिवारी, आरना फ्लाई एस ब्रिक्श, चिचिरदा, बोदरी, थाना चकरभाटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
आवेदिका ने आपके विरूद्ध इस न्यायालय में धारा 22 कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 के अंतर्गत आवेदिका कु.नम्रता यादव ने आपके नियोजन में आई शारीरिक चोटों की क्षतिपूर्ति 16,21,584=00 (अक्षरी सोलह लाख इक्कीस हजार पांच सौ चौरासी रूपये) रूपये, पेनाल्टी एवं ब्याज प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र संस्थित कि है, जिसकी पेशी दिनांक 26.08.2025 को नियत है।
अतः इस ईश्तहार/समंस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप पेशी दिनांक 26.08.2025 को प्रातः 11 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग ले, अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक 26.08.2025 को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
अस्तु सूचित हो।
आज दिनांक 21/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।
दिनांक 21/07/2025
स्थान: बिलासपुर
(आदित्य जोशी)
आयुक्त
कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम
श्रम न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.)**
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.... बी-121/2024-25
ग्राम- महरपुर, प.ह.न. 30
तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)
एतद् सर्व साधारण ग्राम महरपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनय कुमार पिता देवदास जाति सतनामी निवासी ग्राम महरपुर तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि अपने सतरूपा बाई के ग्राम महरपुर में मृत्यु दिनांक 01.01.2025 के संबंध में आवेदन पेश किया गया है।
अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 05.08.25 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नही किया जायेगा ।
आज दिनांक 18.07.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया ।
कार्यपालक दण्डाधिकारी
लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.)

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आईसेक्ट लिमिटेड एन.एच. 12 आईसेक्ट कैम्पस मिसरोद भोपाल (म.प्र.) ने श्री लखन परधान निवासी गुलीडॉड तहसील मरवाही जिला गौरेला पेंड्रा (छ.ग.) 32813328, श्री राजेश चन्द्रा निवासी मागुर्दा तहसील मरवाही जिला गौरेला पेंड्रा (छ.ग.) आईडी कं 32810842 एवं श्री शिवराज सिंह मार्को निवासी मटियाडॉडु तहसील मरवाही जिला गौरेला पेंड्रा (छ.ग.) आईडी 32814874 को जिला गौरेला पेंड्रा में कियोस्क संचालित करने के लिए अधिकृत किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त कियोस्कों के संचालन की अनुमति को निरस्त कर दिया गया है। यदि उपरोक्त कियोस्कों से किसी व्यक्ति को कोई लेन-देन संबंधी शिकायत है तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय को सूचित करें। आईसेक्ट लिमिटेड एनएच-12, आईसेक्ट कैम्पस मिसरोद भोपाल (म.प्र.) पिन- 462047 फोन नं.:- 0755-2434639, 640 मो. 9826439286 ई-मेल-aisectfi.audit@aisect.org एवं कनिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक श्री मनोज त्रिपाठी मो. नं- 9993378579 -उक्त समयावधि बीत जाने के बाद कोई भी आपत्ति / शिकायत मान्य नहीं होगी
आशुतोष भदौरिया
चीफ मैनेजर, एफ. आई. मॉनिटरिंग आईसेक्ट लिमिटेड
प्रधान कार्यालय भोपाल (म.प्र.)

**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
शपथ पत्र
नाम परिवर्तन
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुराना नाम रामनाथ गोसाई पिता गुरुशरण गोसाई, अपना पुराना नाम को बदलकर मैं अपना नया नाम खेमन गोसाई पिता गुरुशरण गोसाई निवासी वार्ड नं. 7, भैरव नगर, कालिका नगर, तिफरा, बिलासपुर, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) रख लिया हूं, मेरा आधार कार्ड नंबर-3735 5816 4108 है।
अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्दशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम खेमन गोसाई पिता गुरुशरण गोसाई से जाना एवं पहचाना जाये।
शपथकर्ता, रामनाथ गोसाई

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
शपथ पत्र
मैं ओम प्रकाश प्रजापति उम्र 42 वर्ष पिता श्री राजेन्द्र प्रजापति निवासी आदर्श नगर मेन रोड देवरीखुर्द तहसील व जिला बिलासपुर का निवासी हूँ जो कि, निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ -1. यह कि, मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। 2. यह कि मेरे पुत्र प्रिंस राज के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम अंग्रेजी अक्षर में (PRINCE RAJ) दर्ज है। जो कि सत्य व सही है। 3. यह कि मेरे पुत्र प्रिंस राज के आधार कार्ड क्रं. 799303468198 में मेरे पुत्र का नाम अंग्रेजी अक्षर में (PRATIK RAJ) दर्ज है। जो कि त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है जिसके कारण मुझे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 4. यह कि मेरे पुत्र प्रिंस राज के आधार कार्ड क्रं. 799303468198 में मेरे पुत्र का नाम अंग्रेजी अक्षर में (PRATIK RAJ) के स्थान पर सही व सत्य नाम (PRINCE RAJ) दर्ज किया जावे। 5. यह कि मेरे पुत्र का सत्य व सही नाम हिन्दी प्रिंस राज एवं अंग्रेजी अक्षर में (PRINCE RAJ) दर्ज किया जावे। 6. यह कि मेरे द्वारा दी गयी जानकारी सत्य व सही है किसी भी तथ्य को छिपया नही गया है भविष्य में अगर मेरे द्वारा दी गयी जानकारी असत्य पायी जाती है तो इसकी जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी। 7. यह कि यह शपथ पत्र मैं उपरोक्त कथनों के समर्थन में निष्पादित करता हूँ।
शपथकर्ता-ओम प्रकाश प्रजापति

**न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग.**
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र. ./ब-121/2025-26
ग्राम-तहसील-सकरी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
एतद् द्वारा सर्वसाधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बंशीराम साहू पिता शोभित साहू निवासी सकर्रा तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने स्वयं पिता/पति शोभित साहू की जन्म/मृत्यु दिनांक 8/08/1964 को ग्राम सकर्रा में होने के कारण जन्म/मृत्यु रजिस्टीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3)/13 (3) के तहत जन्म/मृत्यु प्रमाणपत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस ईस्तहार के माध्यम से दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।
अत: उक्त आवेदन के सम्बन्ध मे यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय मे नियत पेशी दिनांक 07/08/2025 के पूर्व अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथी पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।
नायब तहसीलदार, सकरी

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
नोटिस/समंस
उ.प्र.क्र. 38/2025
आदेश दिनांक 04.07.2025
पेशी दिनांक 08.08.2025
प्रोसेस क्रमांक 128/25
अब्यांश विश्वास नाबा.वली
नाना-निपेन्द्र कुमार विश्वास ............आवेदक
विरूद्ध
प्रशांत सिंह पथानिया + 4 अन्य ....अनावेदकगण
इस न्यायालय मे आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध धारा 372 वास्ते उत्तराधिकार अधिनियम का आवेदन पत्र पेश किया गया है, जिसकी पेशी दिनांक 08.08.2025 को है।
जिस किसी भी आमजन को उक्त आवेदन पत्र में कोई आपत्ति हों तो वह सुनवाई दिनांक 08.08.2025 को सुबह 11:00 बजे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 08.08.2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता हैं या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता हैं तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।
अतः आज दिनांक 21/07/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान - बिलासपुर छ.ग.
दिनांक 21/07/2025
विजेन्द्र सोनवानी
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बिलासपुर (छ.ग.)
सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सत्यनारायण यादव पिता मनहरण लाल यादव, निवासी-ग्राम मुरू, तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित करती हूँ, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी मानकुंवर केंवट पति स्व.राम सिंह केंवट निवासी-ग्राम मुरू, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य की भूमि मौजा मुरू, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर में स्थित खसरा नंबर 411/31, 422/1 (क ख ग) रकबा 0.74 एकड़, 1.00 एकड़ कुल 1.74 एकड़ को क्रय करने का पक्का सौदा बतौर एडवांस राशि प्रदान करने वाला है, जिसका निकट भविष्य में विक्रय पंजीयन होना है।
अत: उक्त भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय बैंक या अन्य को कोई आपत्ति है तो 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करावें, बाद की आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय पंजीयन करा दिया जायेगा।
सो सूचना जानें।
बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक: 23/07/2025
भवदीय
श्रीमती कल्पना सिंह, अधिवक्ता
जिला एवं सत्र न्यायालय
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. -9993852536

**सार्वजनिक सूचना**
यह सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म Arie Fashions, जो कि एक साझेदारी फर्म है, में संशोधन किया गया है। फर्म का नाम ARIE FASHIONS से बदलकर नया नाम AVYT GROUP रखा जा रहा है साथ ही, फर्म के साझेदार श्री ANIKET GOSWAMI ने दिनांक 10 जून 2024 को स्वेच्छा से फर्म से इस्तीफा दे दिया है।
उक्त परिवर्तन फर्म की साझेदारों की आपसी सहमति से किया गया है और सभी संबंधित विभागों में आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही हैं।
VISHAL KUMAR
प्रमुख साझेदार,
AVYT GROUP
8527838069

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.)**
// ईश्तहार//
रा.प्र.क्र. ...... ..बी-121/2024-25
ग्राम- राम्हेपुर, प.ह.नं. 28
तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)
एतद् सर्व साधारण ग्राम राम्हेपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संगीता सतनामी पिता राजेश सतनामी जाति सतनामी निवासी ग्राम राम्हेपुर तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि अपने पुत्री रेशमी के ग्राम राम्हेपुर में जन्म दिनांक 09.09.2010 के संबंध में आवेदन पेश किया गया है।
अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 11.08.25 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नही किया जायेगा।
आज दिनांक 23.07.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
कार्यपालक दण्डाधिकारी
लोरमी जिला, मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.)**
// ईश्तहार//
रा.प्र.क्र..... ...बी-121/2024-25
ग्राम- राम्हेपुर, प.ह.नं. 28 तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)
एतद् सर्व साधारण ग्राम राम्हेपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संगीता सतनामी पिता राजेश सतनामी जाति सतनामी निवासी ग्राम राम्हेपुर तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि अपने पुत्र आयुष के ग्राम राम्हेपुर में जन्म दिनांक 13.01.2012 के संबंध में आवेदन पेश किया गाया है।
अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 11.08.25 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नही किया जायेगा।
आज दिनांक 23.07.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
कार्यपालक दण्डाधिकारी
लोरमी जिला, मुंगेली (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### आरडीएस कॉलेज में डीसीए पीजीडीसीए के नतीजे जारी



**बिल्हा।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय से संबद्ध उमरिया बिल्हा स्थित आरडीएस कॉलेज में डीसीए और पीजीडीसीए के नतीजे जारी कर दिए गए। डीसीए में नितेश सोनवान 69.13 प्रतिशत अंक के साथ पहले स्थान पर रहे। इसके अलावा पलक बंजारे 63.63 प्रतिशत दूसरे, पायल कौशिक 62.63 प्रतिशत तीसरे व हरीश कुमार 57 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे। वहीं पीजीडीसीए में खेलेश्वरी 71.75 प्रतिशत अंक के साथ पहले स्थान पर रहीं एवं प्रतिभा जांगड़े 70.50 प्रतिशत दूसरे, सोनाली मौर्य 70.38 प्रतिशत तीसरे व डिंडेश्वरी 69.63 प्रतिशत ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

### शिशु मंदिर में पौधरोपण एवं पुस्तक वितरण




**करगी रोड कोटा।** सरस्वती शिशु मंदिर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम एवं पुस्तक वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली से दसवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा प्राप्त निशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं एवं विद्यालय परिसर में पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक सदस्य वेंकटलाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ठाकुर, व्यवस्थापक राम सजीवन गुप्ता, सह व्यवस्थापक भगवान प्रसाद सक्सेना, अभ्युदय तिवारी खेल अधिकारी, डॉ लीलावती साहू, पूर्णिमा गुप्ता, प्राचार्य बाबूलाल साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### धर्मगुरु पर हमले के विरोध में समाज के लोगों ने सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** समाज के शीर्ष धर्मगुरु गुरु सुखवंत साहेब पर हुए कथित हमले के विरोध में सतनामी समाज के सैकड़ों पदाधिकारियों और नागरिकों ने मुंगेली जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम सौंपा गया। सतनामी समाज ने चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होती, तो पूरे छत्तीसगढ़ और देशभर में रह रहे सतनामी समाज के लोग आंदोलन करने बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में समाज के जिला व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों प्रमोद सतनामी जिला अध्यक्ष, सुखचंद सतनामी प्रदेश महासचिव, देवेंद्र सतनामी सतनाम सेना, मानिक सोनवानी, रेखचंद सतनामी जिला प्रभारी, जैत सतनामी कोषाध्यक्ष, बोगी सतनामी, नरेंद्र सतनामी अखाड़ा प्रमुख, धर्मेन्द्र सतनामी, रामकुमार भरत सतनामी, ताराचंद, दिलीप, बाबू लाल व हीरादास सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल रहे।

### बेगलेस डे पर विद्यार्थियों को सिखाई गई चुनावी प्रक्रिया



**लोरमी।** ग्राम कोतरी संकुल के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हड़गांव में बच्चों को पंचायत चुनाव की पूरी प्रक्रिया समझाते हुए शालेय चुनाव बाल कैबिनेट का गठन किया गया। दीपिका बुनकर को शाला नायक और मनीष यादव को उपशाला नायक चुना गया। इसी क्रम में सामन कश्यप, पल्लवी पोर्ते, कुमकुम यादव को क्रमशः आठवीं, सातवीं एवं छठवीं का शाला नायक चुना गया। बेगलेस डे का सदुपयोग कर बच्चों ने मनोरंजक तरीके से चुनाव की पूरी प्रक्रिया को जाना और समझा। नवाचारी प्रधान पाठक शशी कश्यप के नेतृत्व में शिक्षक गुहाराम ध्रुव, रवीन्द्र वैष्णव, जुगल किशोर राजपूत, शिवकुमार जायसवाल ने निर्वाचन अधिकारी क्रमांक 1 से 3 एवं पीठासीन अधिकारी का दायित्व निभाया। मतदान के बाद विधिवत मतगणना की गई और परिणाम घोषित कर प्रत्याशियों को मतगणना पर्ची दी गई। इसके बाद विजेताओं की घोषणा कर उन्हें शपथ ग्रहण कराई गई।

## धरमलाल ने बरतोरी व सरवानी में किया 1 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन

# साय के नेतृत्व में प्रदेश का हो रहा चहुंमुखी विकासः कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बिल्हा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ब बारतोरी एवं ग्राम सरवानी में लगभग 1 करोड़ 25 लाख के विकास निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

श्री कौशिक ने ग्राम बरतोरी स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में 1 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन विधिवत रूप से किया। श्री कौशिक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही श्री कौशिक ने बिल्हा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरवानी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही लगभग 25 लाख की लागत से निर्मित नवीन विद्यालय भवन का लोकार्पण कर विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण की सौगात दी। विद्यालय की प्रतिभावान छात्रा राजमंती यादव को सम्मानित किया। अन्य उत्कृष्ट विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गांव, गरीब और किसानों के साथ ही प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। साय सरकार का का संकल्प विकसित छत्तीसगढ़ बनाना है। जिसके लिए प्रत्येक क्षेत्र में गांव गांव का विकास आवश्यक है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष बिल्हा रामकुमार कौशिक, जिला पंचायत बिलासपुर के सभापति गोविन्द यादव, मंडल अध्यक्ष बरतोरी इन्द्रजीत क्षत्री, मंडल अध्यक्ष बिल्हा उमाशंकर कश्यप, ग्राम सरपंच, स्थानीय प्रमुख कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ग्राम सरवानी में गोविन्द यादव (जिला पंचायत सभापति), रामकुमार कौशिक (जनपद अध्यक्ष), दिनेश पांडेय, लव श्रीवास (मंडल अध्यक्ष), पेगन वर्मा, जनकनंदिनी कोशले (जनपद सदस्य), सुनीता ध्रुव (बीईओ), प्राचार्य सहित विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




कर्यकम को संबोधित करते विधायक धरमलाल।

## पेड़ लगाने से पर्यावरण होगा संतुलितः सुशांत



**लगरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश भर में एक पेड़ मां के नाम महाअभियान चल रहा है। इस अभियान के तहत बुधवार को मोपका वार्ड क्रमांक 47 में मां शीतला, ठाकुर देवा परिसर में पौधरोपण किया गया।

■ भवन निर्माण के लिए दस लाख की घोषणा

कार्यक्रम में शामिल विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि आज हमारे राज्य में लगभग 40 प्रतिशत भू-भाग पर पेड़ लगा है जो कम से कम 60 प्रतिशत होनी चाहिए तभी हम स्वच्छ, सुंदर व विकसित भारत की परिकल्पना कर सकेंगे। हम सभी को चाहिए हर साल अधिक से अधिक पौधे लगाएं व उसकी रक्षा के लिए संकल्प लें। दिन ब दिन कल कारखाने खुल रहा है, जिससे पर्यावरण असंतुलित होते जा रहा है। पर्यावरण को बचाने हेतु पेड़ लगाना अतिआवश्यक है। इस अवसर पर श्री शुक्ला ने परिसर में निर्मित भवन के उपरी छत निर्माण लिए दस लाख देने की घोषणा की। इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, सभापति विनोद सोनी, डॉ. तिलकरराम साहू ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर पवन कश्यप, धनंजय त्रिपाठी, शैलू गोरख, सीता ठाकुर, जय वाधवानी, अमित मिश्रा, शैलेस देवागंन, प्रितेश सोनी, लाला यादव, सुनिता साहू, रामगोपाल साहू, प्रवीण यादव, अरूण कश्यप, जयकिशन पाठक, विनाद भार्गव, राजू साहू, विजय साहू, रीना, धीरेन्द्र सूर्यवंशी, बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जनता की सेवा मेरा प्रथम कर्तव्यः धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नगर के विकास को नई दिशा देने के लिए बुधवार को 47 करोड़ से अधिक की लागत से जल जीवन मिशन योजना का भूमिपूजन किया गया।

■ विधायक ने किया जल जीवन मिशन योजना का भूमिपूजन

नगर के मंगल भवन में आयोजित समारोह में विधायक डॉ. धर्मजीत सिंह ने कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि तखतपुर का विकास करना मेरी प्रतिबद्धता है। कौन क्या कहता है, इसका कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन जनता की सेवा मेरा प्रथम कर्तव्य है। डॉ. सिंह ने कहा कि तखतपुर के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी राशि से विकास कार्य की शुरुआत हो रही है, जो कि एक गर्व और आनंद का विषय है। उन्होंने कुछ लोगों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ लोग बिना जानकारी के ही बोलते रहते हैं, जबकि कार्य कैसे कराया जाता है, इसकी समझ होना जरूरी है।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने डॉ. धर्मजीत सिंह को तखतपुर का विकास पुरुष और नगर पालिका क्षेत्र का संरक्षक बताते हुए उनके सहयोग के लिए आभार जताया और भविष्य में भी साथ देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के पूरा होने के बाद नगरवासियों को स्वच्छ और निरंतर पेयजल की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजय देवांगन एवंआभार सीएमओ अमरेश सिंह ने किया। यह योजना अमृत मिशन योजना के अंतर्गत चलाई जा रही है, जिसकी लागत लगभग 50 करोड़ रुपये है। यह परियोजना तखतपुर को जल संकट से स्थायी रूप से राहत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक, अनुपमा अभिषेक पांडेय, शैलेन्द्र निर्मलकर,सुनील जांगड़े, इस्लाम अंसारी, जसप्रीत रमन सिंह हुरा, कैलाश देवांगन, परमजीत हुरा,अंजू सुरेश देवांगन, ज्ञानप्रकाश देवांगन, अंकित अग्रवाल, पूजा बबलू गुप्ता, प्रियंका,सुनील आहूजा, मुन्ना श्रीवास अमित मंदानी, कृष्ण कुमार साहू, बंशी पाड़े, दिलीप तोलानी, गुलजीत सिंह, अजय यादव, राघवेंद्र पांडेय, प्रमोद ठाकुर, राहुल तिवारी, इंजीनियर डीएस कुर्रे,प्रतीक पांडेय,सहित अन्य उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक धर्मजीत सिंह।

## चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**गौरेला।** पुलिस अधीक्षक एसआर भगत के निर्देश पर साइबर सेल एवं गौरेला पुलिस की टीम विशेष अभियान चलाकर क्षेत्र में न्यायालय के आसपास सूने मकानों में लगातार हो रही चोरी के मामलों में चोरों की धरपकड़ का प्रयास कर रही थी।

■ चोरी का माल खरीदने वाला भी चढ़ा पुलिस के हत्थे

इसी क्रम में 12 जुलाई को एक अन्य चोर गिरोह को 4 लाख रुपए कीमत की मशरूका के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। हफ्ते भर में फिर एक बार संयुक्त टीम ने एक अन्य चोर गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ कि थाना गौरेला के न्यायालय तिराहा के पास 5-6 मार्च 2025 की दरम्यानी रात शिव प्रसाद पेंड्रो के सूने मकान में हुई चोरी तथा 15-16 जून को सारबहरा फाटक के पास स्व शंकर कुशवाहा के सूने मकान में हुई चोरी की घटनाओं में उक्त आरोपियों की संलिप्तता थी। मामले में पुलिस ने चोरी करने वाले 2 आरोपी एवं चोरी का माल खरीदने वाले एक आरोपी सहित कुल तीन आरोपियों गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपियों से लगभग 5.6 किलो चांदी, सवा तोला सोना, 43 हजार 500 नकद तथा चोरी में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल, बड़ा हैंड कटर, बर्तन सहित लगभग 8 लाख रुपए का सामान बरामद किया है। फिलहाल पुलिस इन आरोपियों के माध्यम से इनके गिरोह के अन्य सदस्यों की पतासाजी में जुटी हुई है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**गिरफ्तार आरोपीः** सूरज पटेल पिता प्रेमलाल पटेल उम्र 23 वर्ष निवासी रामनगर वार्ड 9 थाना रामनगर जिला अनूपपुर, यह मूलतः सारबहरा का रहने वाला है। पंकज सिंह मरावी पिता रमेश सिंह मरावी उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड 9 थाना रामनगर जिला अनूपपुर। इसके विरुद्ध थाना अमलई में पूर्व में चोरी के आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। प्रिंस सोनी पिता बृजकिशोर उम्र 32 वर्ष निवासी जमुनिहा वार्ड 1 केशवाही थाना बुढार जिला शहडोल। यह चोरी के आभूषण खरीदने वाला एक आदतन बदमाश है, जो गांव के साप्ताहिक बाजारों में फेरी लगाकर आभूषण बेचने का काम करता था।

## मस्तूरी विकासखंड में आंकलन शिविर में शामिल हुए विशेष बच्चे



**बिलासपुर।** ज़िले के मस्तूरी विकासखंड में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए 21 जुलाई को आंकलन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 41 अस्थि बाधित, 19 श्रवण बाधित, 10 दृष्टि बाधित और 36 बौद्धिक निःशक्त बच्चे उनके अभिभावक और शिक्षक उपस्थित हुए। शिविर में डा. पंकज साहू अस्थि रोग विशेषज्ञ, डा. मनीष श्रीवास्तव श्रवण विशेषज्ञ, डा. सीपी करन दृष्टि दोष विशेषज्ञ एवं मानसिक मन्दता विशेषज्ञ डा मल्लिकार्जुन और नीरज शुक्ला उपस्थित रहे। शिविर में सहायक कार्यक्रम समन्वयक डा अखिलेश तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी शिव राम टंडन ,समावेशी शिक्षा हेतु कार्यरत बीआरपी कमलेश श्याम नारायणन ,स्पेशल एजुकेटर गोविंद, विनीता संकुल समन्वयक,शिक्षक और कार्यालयीन स्टाफ़ उपस्थित रहे।

## विद्युत विभाग के सुस्त रवैये से आम उपभोक्ता परेशान



**बेलतरा।** विधानसभा क्षेत्र बेलतरा अंतर्गत ग्राम नेवसा का ट्रांसफार्मर 9 जुलाई को खराब हो गया, जिसकी शिकायत स्थानीय कनिष्ठ अभियंता बेलतरा को दी गई। मामले को संज्ञान में लेते हुए एक सप्ताह बाद नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, लेकिन वह भी महज दो दिन ही चल सका एवं उसके बाद ट्रांसफार्मर खराब हो गया। इसकी सूचना लगातार जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अधिकारी-कर्मचारियों दी गई, लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर की व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई है, जिसके कारण आम उपभोक्ता भाकी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। बेलतरा से कनिष्ठ अभियंता रंजना देवांगन का कहना है कि बेलतरा डीसी में कर्मचारियों की अत्यधिक कमी के कारण अव्यवस्था बन रही है। हम अपने तरफ से यथासंभव प्रयास कर रहे हैं।

## स्व. बीडी महंत की पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए त्रिलोक



**बिलासपुर।** कांग्रेस नेता त्रिलोक श्रीवास सहयोगियों सहित स्व. महंत बिसाहू दास की पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मनोज श्रीवास अशोक बजाज विजय तिवारी दिनेश कश्यप मोहन जायसवाल दीपक कश्यप, चरण सिंह राज कौशल श्रीवास्तव हृदयेश कश्यप दादूराम शिकारी सुखदेव तिवारी पवन सिंह ठाकुर रवि बघेल पहलवान शिकारी लक्ष्मी नारायण पटेल दीपक मानिकपुरी पार्थ किशनपूर्त्ते विनोद यादव पंडित जितेंद्र शर्मा जीतू राहुल गोरख मोहसिन खान मंगल वाजपेई कृष्णा श्रीवास चंद्र प्रकाश केसरवानी प्रशांत काशी आशीष मालिया, संतोष भार्गव रामफल वीरेंद्र पटेल नवीन चंद्र दुबे मनीष भट्ट मुकेश अग्रवाल सुरेंद्र सिंह सैनी नंदकिशोर वर्मा शुभम श्रीवास अनिल ठाकुर संतराम चंद्राकर आदि मौजूद थे।

## डीएवी स्कूल में हरेली कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन



**मस्तूरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल परसदावेद में बुधवार को छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली का भव्य आयोजन पारंपरिक उल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई, जिसमें बच्चों ने छत्तीसगढ़ी लोकजीवन की झलक दिखाने वाली वेशभूषा में प्रस्तुति दी। इसके बाद आयोजित पंडवानी प्रतियोगिता में छात्रों ने महाभारत की लोककथाओं को छत्तीसगढ़ी गायन शैली में प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की लयबद्ध प्रस्तुतियों और पारंपरिक वेशभूषा ने हरेली त्यौहार को यादगार बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

# टेंडर निकाला सीसी रोड का, कर दिया फर्शीकरण

**गौरेला।** नगर पालिका परिषद गौरेला इन दिनों राजनीतिक रस्साकसी का शिकार है। यहां के निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। नगर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित पूरन तालाब के किनारे सीसी रोड निर्माण के लिए निर्माण का टेंडर अधोसंरचना मद से 7 लाख 18 हजार रूपए का लगाया गया था, लेकिन इसके विपरीत यहां फर्शीकरण कर दिया गया, जिसमें करीब 15 मीटर की जर्जर सड़क भी अधूरी रह गई।

स्थल निरीक्षण किए बगैर बनाए गए इस्टीमेट में सड़क के लिए 200 मीटर लंबी, 3.5 मीटर चौड़ी एवं 8 इंच मोटी, जिसमें 4 इंच बेस, 4 इंच टॉप लेयर का प्रावधान था, लेकिन मौके पर इस्टीमेट में दर्शाए गए प्रावधान के मुताबिक काम न कराते हुए सड़क की चौड़ाई 5 से 8 मीटर एवं मोटाई 3 से 4 इंच कर लगभग 330 मीटर लंबी सड़क बना दी गई। इसके बावजूद भी सड़क का निर्माण पूरा नहीं हो पाया, ऐसे में निर्माण की गुणवत्ता का भी अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रभारी सब इंजीनियर स्वपनिल मिश्रा का कहना है कि निर्माण की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती गई है। कार्यस्थल में आवश्यकतानुसार दस प्रतिशत तक का कार्य रिवाईज किया गया है, जो टेंडर में निर्धारित राशि के अंतर्गत है। इसे पीआईसी में पारित करा कर सक्षम अधिकारी से स्वीकृति ली जाएगी।



**शासन को भेजेंगे प्रस्तावः सीएमओः** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू का कहना है कि अधूरे निर्माण को लेकर उनके पास अभी तक किसी ने शिकायत नहीं की है। समाचारों के माध्यम से जानकारी होने पर उन्होंने ठेकेदार को कार्य पूरा करने को कहा है। यदि इसके लिए राशि नहीं उपलब्ध होगी तो वे इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजेंगे, जिसकी स्वीकृति आने पर इसका निर्माण पूरा कराएंगे। श्री साहू ने स्थल निरीक्षण किए बिना बनाए गए इस्टीमेट पर चिंता जाहिर की।

**स्वयं के व्यय से पूरा कराएंगे निर्माण- पूर्व नपं उपाध्यक्षः** पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल जिनके घर के सामने स्थित 15 मीटर की जर्जर सड़क अधूरी है, उनका आरोप है कि अध्यक्ष के दुर्भावनापूर्वक मना करने पर इस हिस्से के निर्माण को जानबूझकर छोड़ा गया है। वे इसकी लिखित शिकायत नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव से कर चुके हैं। श्री जायसवाल का कहना है कि अब इस अधूरी सड़क को वे स्वयं के व्यय से बनवाएंगे एवं इसके लिए उन्होंने कार्यस्थल पर सामग्री भी एकत्र करवा ली है।

**नगर पालिका को दान कर दें राशिः अध्यक्षः** नगर पालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे का कहना है कि पूर्व उपाध्यक्ष की ओर से मेरे उपर निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ने का मनगढ़ंत आरोप लगाया जा रहा है।

## जनपद प्राथमिक शाला में बाल सभा गठित



**बिल्हा।** जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा में बालसभा का गठन किया गया, जिसमें तृषा जांगड़े प्रधानमंत्री, करण निषाद उप प्रधानमंत्री, पूनम मार्कण्डेय शिक्षा मंत्री, यास्मिता श्याम खेल मंत्री, हर्ष रात्रे स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री, धनंजय कौशिक पर्यावरण मंत्री, निकिता कोशले सुरक्षा एवं जन-संपर्क मंत्री, चांदनी साहू संस्कृति मंत्री, और धनिशा लहरे को खाद्य मंत्री चुना गया। इन आठ मंत्रियों का निर्वाचन प्रत्यक्ष चुनाव के माध्यम से किया गया। बाल सभा शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएसी केशव वर्मा, विशिष्ट अतिथि केदार दुबे सेवानिवृत्त शिक्षक रहे। प्रधान पाठक साधराम मरकाम की अध्यक्षता में नवनिर्वाचित छात्रों को शपथ दिलाई गई एवं नवनिर्वाचित मंत्रियों को अतिथियों ने बैच पहनाकर, गुलाल लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर केशव वर्मा ने बच्चों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के महत्व और उनकी नई भूमिकाओं की जिम्मेदारी के बारे में समझाया। केदार दुबे ने बताया कि इससे बच्चों में अनुशासन का ज्ञान तथा सभी मंत्रियों के साथ मिलकर काम करने से बच्चों में नए कौशल का विकास होगा। शिक्षक कलेश्वर साहू ने सभी मंत्रियों को उनके संबंधित कार्यों और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्य को संपन्न कराने के लिए जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा के प्रधान पाठक साधराम मरकाम, शिक्षक पुनीराम साहू, कलेश्वर साहू, श्वेता केशरी, नीलम सूर्यवंशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन कलेश्वर साहू, नीलम सूर्यवंशी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन श्वेता केशरी ने किया।

## खबर संक्षेप

### कक्षा दसवीं के छात्र ने फांसी लगाकर की खुदकुशी



**बिलासपुर।** कक्षा दसवीं के छात्र ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। वार्षिक परीक्षा में सेप्लीमेंट्री आ गई थी। उसके बाद से वह गुमसुम रह रहा था। पुलिस जांच में जुट गई है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, तिफरा निवासी रूद्र यादव पिता जय कुमार यादव 17 साल कक्षा दसवीं का छात्र था। वार्षिक परीक्षा में वह पास नहीं हो सका था। 22 जुलाई को उसके माता पिता रोजी मजदूरी में चले गए। रूद्र स्कूल नहीं गया और घर में अकेले उसकी दीदी थी। उसने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### युवक से मारपीट कर आईफोन व कार में तोड़फोड़

**बिलासपुर।** गाली देने से मना करने पर युवक के साथ एक अन्य युवक ने जमकर मारपीट करते हुए उनका आई फोन जमीन पर पटककर तोड़ दिया। उसके बाद ईंट पत्थर से मारकर कार का शीशा तोड़ दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, पथरिया बरदुली निवासी मोहम्मद अर्श पिता वसीउल्ला खान ने रिपोर्ट लिखाई। वे पिछले 10 दिन से अपने मामा के घर यदुनंदननगर आए हुए हैं। 22 जुलाई की रात 7.50 बजे वे अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एपी, 9944 को लेकर शोएब शेख से मिलने बालमुकुंद स्कूल के पीछे अज्ञेय नगर गए थे। इसी दौरान तारबाहर निवासी अफजल मेमन नामक व्यक्ति आया और उन्हें देखकर गाली गलौज करने लगा। उन्होंने गाली देने से मना किया तो उसने उनके साथ हाथ मुक्का डंडा से जमकर मारपीट की। उनके हाथ से आई फोन छीनकर जमीन पर पटककर तोड़ दिया। उसके बाद ईंट पत्थर से मारकर उनकी कार का शीशा तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर अफजल मेमन के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 324, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### आठ डाकघरों में रेलवे ने दी है आरक्षण की सुविधा

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर ने लोगों की सुविधा के लिए बिलासपुर डिवीजन के अंतर्गत आने वाले आठ स्थानों पर नान रेल हेड व डाकघर में रेल आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई है। इससे यात्री अपने नजदीकी स्थान से ही आरक्षित टिकिट की बुकिंग कर सकते हैं। यह सुविधा भारतीय रेल की कम्प्टरीकृत आरक्षण प्रणाली पीआरएस के माध्यम से उपलब्ध है, जिसके तहत यात्री सभी ट्रेनों के लिए आरक्षित टिकिट ले पाएंगे। बिलासपुर रेल मंडल में अंबिकापुर, अमरकंटक, कोरबा, जशपुर के पोस्ट आफिस तथा बलौदा भारतीय स्टेट बैंक के सामने, बैकुंठपुर शहर पोस्ट आफिस के सामने फव्वारा चौक, मुंगेली में थाने के सामने और सूरजपुर रोड पुराने बस स्टैंड के पीछे इस आरक्षण बुकिंग की सुविधा को शुरु किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रयास रेलवे की यात्री सुविधा के लिए महत्वपूर्ण है।

**बकायादारों ने वर्षों से नहीं पटाया किराया** | आबंटन राशि और किराया नहीं पटाने पर निगम ने की है कार्रवाई

# ऊंची बोली लगाकर दुकानें ले ली, आबंटन निरस्त, नए सिरे से होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुकान की ऊंची बोली लगाकर आबंटन राशि जमा नहीं करने वाले नूतन चौक स्थित कांप्लेक्स के 11 दुकानों के आबंटन को निगम द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इसी तरह गणेश चौक स्थित महिला समृद्धि बाजार के 57 ऐसे बकायादार जिन्होंने वर्षों से किराया नहीं पटाया है, उनके दुकानों के आबंटन को भी निरस्त किया गया है। हाईटेक बस स्टैंड की दुकानों का किराया भी नहीं पटाया जा रहा है। इनकी भी नए सिरे से नीलामी की बात कही जा रही है। अब निगम ने नूतन चौक में बनाए गए व्यावसायिक काम्प्लेक्स की 21 दुकानों और आफिस को लीज पर आबंटन के लिए नए सिरे से टेंडर जारी किया है। इसमें 5 अगस्त तक निविदा भरी जा सकती है।

ध्यान रहे कि नूतन चौक में बनाए गए व्यावसायिक काम्प्लेक्स की दुकानों और आफिसों को लीज पर देने के लिए निगम ने दूसरी बार टेंडर जारी किया है। इससे पहले जब आबंटन हुआ था तो कई दुकानों की राशि ही जमा नहीं हो सकी थी। आबंटन पाने वालों को निगम ने कई बार पत्र, स्मरण पत्र और नोटिस जारी आबंटन राशि जमा करने को कहा लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। दो साल पहले जब इन दुकानों का आबंटन हुआ था तो बोली लगाई गई थी। कई दुकानें 60 लाख से लेकर 80 लाख तक में बिकी थीं। उस दौरान दुकान लेने वालों ने एफडीआर राशि तो जमा की लेकिन आबंटित राशि जमा नहीं की गई। जिसके बाद यह अब यह कार्रवाई की गई। इसी तरह महिला समृद्धि बाजार में कुल 82 दुकाने हैं जिन्हें 2008-09 में आबंटित किया गया था। जिनमें से 57 दुकानों का किराया बकाया था। इन सभी को भी कई बार नोटिस जारी कर किराया जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया था लेकिन ना तो जवाब दिया गया ना ही राशि जमा की गई।




### 90 लाख रुपए तक का किराया बाकी

इसी तरह महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए नगर निगम प्रशासन ने नेहरू नगर में महिला समृद्धि बाजार के लिए दो मंजिल के काम्प्लेक्स का निर्माण कराया। इसके एवज में लाखों रुपये खर्च किए गए। 93 दुकानें महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए प्रदान किया गया। दुकान संचालकों ने लेकिन पिछले दस सालों से किराया जमा नहीं किया। इसके कारण करीब 90 लाख रुपए किराया बाकी है। ध्यान रहे कि नगर ने दुकान संचालकों से आठ हजार रुपए जमा करवाकर दुकानों को आवंटित किया था और प्रति महीना आठ सौ रुपए किराया तय किया गया। बाद में इसे बढ़ाकर 1400 रुपए किया गया। यह राशि भी जमा नहीं की गई। सभी दुकानों पर दो से तीन लाख रुपए का बकाया है।

### रपटा पार की 29 दुकानों को सील किया गया

रपटा पार चांटीडीह में निगम की दुकानों पर कब्जा कर कारोबार करने वालों पर कार्रवाई की है। सभी अवैध कब्जों को खाली कराते हुए निगम ने इन दुकानों को सील कर दिया है। निगम के मुताबिक इन दुकानों को किसी को भी आबंटित नहीं किया गया था। इसके बाद भी सब्जी मंडी में दुकान लगाने वालों ने इन दुकानों में अपना सामान रखना शुरू कर दिया था। इस तरह की 29 दुकानों को निगम ने सील कर दिया है। निगम के मुताबिक अपोलो रोड से चिंगराजपारा चौक तक जो सड़क बन रही है उसमें से जो कब्जे हटाए जाएंगे उन्हें इन दुकानों में शिफ्ट किया जा सकता है।

### जमा नहीं की गई राशि

नूतन चौक में बनाए गए व्यावसायिक काम्प्लेक्स की दुकानों और आफिसों को लीज पर देने के लिए निगम ने दूसरी बार टेंडर जारी किया है। इससे पहले जब आबंटन हुआ था तो कई दुकानों की राशि ही जमा नहीं हो सकी थी। आबंटन पाने वालों को निगम ने कई बार पत्र, स्मरण पत्र और नोटिस जारी आबंटन राशि जमा करने को कहा लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम



नशीली दवाओं व इंजेक्शन को नष्ट करता रोलर।

# नशीले इंजेक्शन पर चला बुलडोजर जलाया गया 7 क्विंटल गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी की उपस्थिति में जिले के विभिन्न थानों में 109 प्रकरणों में भारी संख्या में जब्त प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन, एप्पुल, केप्सूल पर बूलडोजर चलाकर व गांजा को फैक्ट्री की भठ्ठी में जलाकर नष्टीकरण किया गया है।

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय अटल नगर नवा रायपुर द्वारा जिलों में जब्त मादक पदार्थो के नष्टीकरण जिला स्तरीय औषधी निपटान समिति गठित किया गया है। इसके अध्यक्ष एसएसपी रजनेश सिंह, सदस्य एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल, सहायक आबकारी आयुक्त नवनीत तिवारी, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी हैं। 23 जुलाई को एसएसपी श्री सिंह व सदस्यों की उपस्थिति में मोहतराई स्थित सुधा बॉयो पॉवर प्रा. लिमि. में जिले में 109 प्रकरणों में जब्त 697.692 किलो ग्राम गांजा को तोल कराने के बाद फैक्ट्री के भठ्ठी में जलाकर व 42 हजार 592 नग एम्पुल, 73 हजार 822 नग कैप्सूल, 5 हजार 678 नग इंजेक्शन को सड़क में रखकर बुलडोजर चलाने के बाद रोलर के माध्यम से जमीन में दबाकर नष्टीकरण किया गया है। इस तरह से 85 लाख 62 हजार 29 रुपए की मादर्क पदार्थ का नष्टीकरण किया गया है। इस दौरान आरआई भूपेन्द्र गुप्ता, टीआई प्रदीप आर्या, अभय सिंह बैस, निलेश पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### बाइक पर गांजा लेकर जा रहा युवक गिरफ्तार



बाइक में गांजा लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 2 किलो 35 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने गांजा सहित बाइक जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा थाना के आरक्षक भागवत चंद्राकर को मुखबिर से सूचना मिली सफेद रंग के अपाचे क्रमांक सीजी 10 एनए, 3702 में एक युवक बैग में गांजा लेकर बिक्री करने जा रहा है। टीआई उत्तम साहू के नेतृत्व में बल ने घेराबंदी कर बाइक सवार बिल्हा वार्ड क्रमांक 1 निवासी शंकर प्रसाद शर्मा पिता स्व. मोतीलाल शर्मा 45 साल को पकड़ लिया। बैग की तलाशी लेने पर 2 किलो 35 ग्राम गांजा मिला। जब्त गांजा की कीमत 24 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा सहित बाइक जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### सिरगिट्टी क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वाले 5 कोचियों पर पुलिस का प्रहार




पुलिस ने अभियान चलाकर सिरगिट्टी क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वाले 5 कोचियों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, सिरगिट्टी क्षेत्र के गणेश नगर, चुचुहियापारा में लगातार अवैध शराब बेचने की शिकायत मिल रही थी। लोगों के द्वारा कुछ लोगों के द्वारा खुलेआम अवैध शराब बेचने से शांति व्यवस्था खराब होने की बात कही गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी रजनेश सिंह ने क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध शराब बेचने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया। उसके बाद सीएसपी श्री परिहार, टीआई किशोर केंवट बल के साथ चुचुहियापारा, गणेशनगर में अलग अलग जगहों में दबिश देकर अवैध शराब बेचने वाले राम कुर्रे पिता हीरा कुर्रे, संजय लाल पिता सेवा लाल, बृजेश मिरी पिता अनजान मिरी, मूलचंद वर्मा पिता कुबेर वर्मा, अमर साहू उर्फ पप्पू घोड़ी को पकड़कर अवैध शराब जब्त किया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कोचियों को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। सीएसपी श्री परिहार प्रतिदिन अपने क्षेत्र के थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध शराब बेचने वाले, अवैध हथियार रखकर चलने वाले, देर रात घूमने वाले, फरार वारंटियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कराई जा रही है।

**कोटा ब्लॉक में मलेरिया के मरीज अधिक मिल रहे** | **खराब पानी की वजह से डायरिया भी मचा रहा है आतंक**

# हर रोज मिल रहे मलेरिया व डायरिया के मरीज, विभाग करा रहा सिर्फ सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में मलेरिया दहशत फैला रही है, पिछले 24 घंटे में 3 मरीज मलेरिया से पाजिटिव पाए गए हैं। सबसे ज्यादा कोटा ब्लॉक में मरीज मिल रहे हैं, लेकिन शहर के निजी अस्पतालों में भी मरीज अपना इलाज करा रहे हैं। खास बात यह है विभाग महज सर्वे कर दवा देने में जुटा हुआ है, जबकि मलेरिया की रोकथाम के लिए शासन द्वारा जन जागरूकता फैलाने में लाखों रूपए खर्च किए जाते है, फिर भी मलेरिया की रोकथाम नहीं हो रही है।



हर साल कोटा ब्लॉक में मलेरिया अपना आतंक मचता है, लेकिन विभाग की मुस्तैदी यह है कि 3 साल में एक बार ही मेडिकेटेड मच्छरदानी बांटी जाती है। वहीं अधिकारियों को जानकारी मिलने पर ही मरीज तक पहुंच रहे हैं और सर्वे व दवा वितरण कर अपना काम पूरा कर रहे हैं, लेकिन शहर के कई इलाकों में मच्छरों का प्रकोप तेजी से फैल रहा है, निजी अस्पतालों में मलेरिया के मरीज मिल रहे है लेकिन विभाग तक इसकी जानकारी ज्यादातर नहीं पहुंच रही है। ऐसे में ग्रामीण इलाकों से मलेरिया शहर तक पहुंच चुका है। पिछले 24 घंटे में 3 मरीज मलेरिया से पीड़ित हैं, जिसकी रिपोर्ट पाजिटिव पाई गई है। तीनों ही कोटा क्षेत्र की है। ग्राम कुपाबंधा मझवानी के त्रिभुपति बिंदवार पिता जलसिंह अगरिया 10वर्ष, ग्राम केराचुआ छतौना के रमन सिंह पिता चैतराम, रितेश यादव पिता तिजराम 8 वर्ष की रिपोर्ट पाजिटीव पाई गई है। खास बात यह है मलेरिया के 20 से अधिक मरीज जिले में एक्टिव है, इसमें 5 बच्चे भी शामिल हैं।

### स्थिति नियंत्रण में है

जिले में 20 मलेरिया के मरीज मिल चुके हैं, वर्तमान में 3 मरीज कोटा के भी मिले हैं। विभाग सर्वे, जांच और दवा वितरण कर रहा है। शुरूआती दौर में एक दो मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया था, लेकिन अभी फिलहाल ऐसी स्थिति नहीं है।

-**डॉ बीके वैष्णव**, नोडल अधिकारी, मलेरिया

### विभाग छिपाता है आंकड़े

विडंबना यह है कि स्वास्थ्य विभाग मलेरिया, डायरिया, पीलिया के मरीजों की जानकारी आम लोगों तक छुपा रहा है, जहां इन बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए जागरूकता जरूरी है, वहां विभाग ऐसे इलाकों में ना तो मुनादी कराने की जिम्मेदारी उठा रहा है और ना ही किसी प्रकार का सर्वे किया जा रहा है।

### मौसमी बीमारियों की चपेट में लोग

बुधवार को डायरिया की चपेट में 8 मरीज अस्पताल पहुंच चुके हैं। वहीं पीलिया के 2 मरीज भी विभाग को मिले है। इस दौरान मौसमी बीमारियां के चपेट में आने के कारण 47 मरीज अलग अलग इलाकों में आए हैं। ये सभी आंकड़े सरकारी अस्पतालों के हैं। इसके विपरीत निजी अस्पतालों में मरीजों की लाइन लगी हुई है। मौसमी बीमारियों के चलते लोगों अस्पताल के चक्कर लगाने को मजबूर है। वहीं ज्यादातर मामले की रिपोर्ट भी स्वास्थ्य विभाग को नहीं हो रही है।

### म्यूल बैंक खाते में 20 लाख 44 हजार का लेनदेन, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** म्यूल बैंक खाते में 20 लाख 44 हजार 274 रुपए के लेनदेन का उजागर हुआ है। पुलिस ने बैंक खाता धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। साइबर थाना से मिली जानकारी के अनुसार, कर्नाटक निवासी मनुजा एस ने समन्वय पोर्टल पर 24 अप्रैल 2025 को शिकायत की। उसमें बताया गया कि तखतपुर बहुरता निवासी धर्मेन्द्र प्रसाद पिता रामकुमार सूर्यवंशी के बैंक खाते में साइबर ठगी से प्राप्त राशि जमा की गई है। जांच में पता चला उसके बैंक खाते में 20 लाख 44 हजार 274 रुपए का संदिग्ध लेनदेन हुआ है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह खुलासा हुआ कि आरोपी ने अपने बैंक खाते का उपयोग जानबूझकर साइबर अपराध में किया। उसके खाते से पीड़ितों से ठगे रकम को अपने लाभ के लिए उपयोग किया जा सके। सारे रकम पीड़ितों से धोखाधड़ी कर ली गई है। पुलिस ने बैंक खाता धारक धर्मेन्द्र प्रसाद सूर्यवंशी के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रांग साइड कार चलाकर कोतवाली थाने की पेट्रोलिंग गाड़ी को मारी टक्कर, जुर्म दर्ज



**बिलासपुर।** बीती रात रांग साइड चलाते हुए कार सवार ने कोतवाली थाने की पेट्रोलिंग गाड़ी टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, 22 जुलाई की रात कोतवाली थाने का आरक्षक नवल सिंह पैकरा पिता चंद्रभान सिंह, राहुल जगत सूर्या होटल के पास लड़ाई झगड़ा की सूचना पर शिव टाकीज चौक की ओर पेट्रोलिंग गाड़ी क्रमांक सीजी 03 ए, 0294 से जा रहे थे। रात 11.50 बजे रीगल होटल के पास रांग साइड से आ रही कार क्रमांक सीजी 04 एनडब्लूय, 8437 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए पेट्रोलिंग गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में पेट्रोलिंग गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने आरक्षक पैकरा की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### लोको शेड का जीएम ने किया निरीक्षण

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने डीजल एवं एचएचपी लोको शेड का निरीक्षण कर नवनिर्मित भवन अनुभाग ई4 और ई6, लोको शेड टेक्शन मोटर बेकिंग का उद्घाटन किया। इसमें डाटा लॉगर की नवीनतम तकनीकी सुविधा उपलब्ध है। यह प्रणाली मोटर अनुरक्षण कार्यो को और अधिक सटीक, सुरक्षित और उन्नत बनाएगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152


# लाइसेंस दिलाने के नाम पर सेना के आरक्षक से 3 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** माईक्रोसाफ्ट कंपनी का लाइसेंस दिलाने के नाम पर सेना के आरक्षक से 3 लाख रुपए की ठगी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मुंगेली जरहागांव हथनीकला निवासी सोमेश सिंह पिता विश्राम सिंह भारतीय सेना पैरा स्पेशल फोर्स में आरक्षक के पद पर हरिद्वार में पदस्थ हैं। राजू साहू पिता मानिकराम साहू भी भारतीय सेना में तैनात रहा है, जो वर्तमान में नौकरी छोड़ चुका है। भारतीय सेना में होने से उनकी बीच जान पहचान हो गई थी। राजू साहू व दिलीप कश्यप ने उन्हें मल्टी मिलियन डालर प्रोजेक्ट में काम करने के लिए माईक्रोसाफ्ट कंपनी का लाइसेंस दिलाने का झांसा देकर 3 लाख रुपए ले लिया है। उन्होंने डेढ़ लाख रुपए राजू साहू की मां ईश्वरी साहू के बैंक खाते में व डेढ़ लाख रुपए अलग अलग किश्तों में राजू साहू के फोन पे पर ट्रांसफर किया है। रकम देने के बाद भी लाइसेंस नहीं दिलाया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर राजू साहू, दिलीप कश्यप, ईश्वरी साहू के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अवैध निर्माण की आपत्ति करने पर दी धमकी

**बिलासपुर।** सरजू बगीचा निवासी 67 वर्षीय सरोज बाली ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी से लिखित शिकायत की है। उन्होंने बताया की वे मसानगंज सरजू बगीचा में अकेले रहती हैं। साथ में भाई भी है, मगर वह भी पड़ोसी के साथ मिलकर आए दिन विवाद करता है। घर के सामने ही अवैध तरीके से टॉयलेट व अन्य निर्माण कर लिया है, जिसके कारण यहां निकासी नहीं होने से गंदगी भी होती है, उन्होंने पुलिस अधीक्षक से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।






खबर संक्षेप

## 6वें दिन की कथा में श्रीकृष्ण विवाह का वर्णन



**मल्हार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व डॉ शंकर प्रसाद चौबे की पुण्यस्मृति में वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर 17 से 26 जुलाई तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन उनके निवास पर किया जा रहा है। छठवें दिन की कथा में आचार्य पंडित नीरज भूषण मिश्र ने भगवान श्रीकृष्ण की 16 हजार 108 शादियों के बारे में विस्तार से वर्णन किया। साथ ही कथा में भगवान श्री कृष्ण एवं उनके बाल सखा सुदामा के मिलन की कथा का भी विस्तार से वर्णन किया गया। इस कथा के मुख्य यजमान है सरोज एवं रामकुमार चौबे हैं। कथा में राजश्री दीवान, जयश्री दीवान, विजयश्री शर्मा एवं अजय शर्मा व्यवस्था संबंधित तैयारियों को संभाल रहे हैं। आयोजन के अंतिम 7वें दिन परीक्षित मोक्ष कथा कही जाएगी।

## आवेदनों को शीघ्रता से निराकृत करने कलेक्टर ने दिए निर्देश



**गौरेला।** कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने जनदर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनी और शीघ्रता से निराकृत करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा राशि हड़पने से संबंधित शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तीनों जनपद सीईओ को जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह अन्य शिकायतों एवं मांगों का परीक्षण कर निराकृत करने कहा। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में 26 लोगों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। इनमें मुख्यतः अवैध निर्माण, विद्युत आपूर्ति, आवास, रिकार्ड दुरूस्त करने, नकल, स्टे खारिज करवाने, वन अधिकार पट्टा, मुआवजा की राशि दिलाने, वन भूमि अतिक्रमण रोकने, सचिव को प्रभार दिलाने आदि शामिल हैं।

## दानोखार में कृषक प्रशिक्षण एवं फसल प्रदर्शन कार्यक्रम



**लोरमी।** कृषकों को उन्नत तकनीकों से जोड़ने एवं तिलहन फसलों के रकबा, उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने हेतु कृषि विज्ञान केंद्र विखं के सुदूर वनांचल ग्राम दानोखार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत तिल की खेती पर फसल प्रदर्शन, प्रशिक्षण व प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चयनित कृषकों को उन्नत बीज वितरण एवं वैज्ञानिक खेती की जानकारी प्रदान करने के साथ हुई। कृषि विज्ञान केंद्र की विषय विशेषज्ञ डॉ प्रमिला जोगी ने बीजोपचार की विस्तृत जानकारी दी। विषय विशेषज्ञ नेहा लहरे ने तकनीकी पहलुओं पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच मीना बाई अनंत, कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भुनेश दिवाकर एवं नितेश गुप्ता, पंचायत सचिव मलिक राम अनंत, पंच मनीषा मरकाम, पार्वती बाई धुर्वे, अमरीका बाई सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

## एमजेडी स्कूल में एनडीआरएफ की कार्यशाला



**लोरमी।** कलेक्टर कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में नगर के एमजेडी शास इंग्लिश स्कूल में राष्ट्रीय आपदा राहत बल नई दिल्ली इकाई की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। एनडीआरएफ टीम प्रमुख बारीक, विकास शर्मा ने छात्र-छात्राओं को डेमो के माध्यम से लगभग 2 घंटे मे जीवंत प्रदर्शन कर सभी उपस्थितों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र पार्थ शर्मा, ईशान वैष्णव सक्षम गुप्ता ने सीपीआर तकनीक का डेमो कर जीवन बचाने की विधि को प्रदर्शित किया। हेल्थ केयर की शिक्षिका प्रणिता दास, जीव विज्ञान की व्याख्याता अंकिता जानसन ने छोटे बच्चों के कंठ में अवरुद्ध खाने को कण को सरल तरीके से बाहर निकालने की विधि को करके दिखाया। इस अवसर पर एसडीएम अजीत पुजारी ने सभी को टीम के बताए तरीकों का उपयोग पीड़ति लोगों के जीवन रक्षा के लिए करने की सलाह दी। कार्यशाला में मुख्य रूप से एसडीएम अजीत पुजारी, तहसील दार शेखर पटेल, नायब तहसीलदार सीपी सोनी, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष विश्वास दुबे उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन संस्था के प्राचार्य अरुण जायसवाल ने किया। कार्यक्रम मे व्याख्यात्ता आनंद गुप्ता, अंकिता, कंचन, ममता कौशिक, मोनिका कौशिक, माहेश्वरी पात्रे, गरिमा पाठक विजय, पियूषा चौधरी, चंद्रप्रकाश साहू, मिथलेश साहू, शिफाली सोनी, प्रणिता दास, चंद्रशेखर श्रीवास, चन्द्रसेन ध्रुव, संतोष मारकम, धनंजय लहरे सहित अन्य मौजूद रहे।

### सावन के महीने में शिवालयों में हो रहे विविध आयोजन

# भूलकेश्वर आश्रम धौराभाठा में किया गया रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलगहना





श्रवण के पवित्र माह में भूलकेश्वर आश्रम धौराभाठा में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। श्री सिद्ध बाबा आश्रम बेलगहना के सानिध्य में लगातार छठवें वर्ष रुद्राभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ। पुलिस प्रशासन प्रोटोकाल के साथ पूज्य श्रीश्री 108 स्वामी शिवानंद महाराज का आगमन सुबह 9 बजे धौराभाठा आश्रम में हुआ, जिनका स्वागत ग्रामवासियों, भक्तों एवं सेवा समिति के सदस्यों ने श्री हरिसंकीर्तन मंडलियों के द्वारा किया। इसके बाद सद्गुरु चरण पादुका एवं पार्थिव शिवलिंग की पूजा कर मां मनिहारी नदी पर दीप दान कर आशीर्वाद लिया।

इस अवलसर पर पूज्य स्वामी जी ने कहा कि भोलेनाथ सबसे सरल उपासना से भी प्रसन्न होते हैं, लेकिन रुद्राभिषेक उन्हें सबसे ज्यादा प्रिय है। रुद्राभिषेक से शिव जी को प्रसन्न करके आप अपने सभी मनोकामनाएं पूरी कर सकते हैं। रुद्राभिषेक को सनातन धर्म में सबसे प्रभावशाली पूजा मानी गई है, जिसका फल तत्काल मिलता है। रुद्राभिषेक से भगवान शिव प्रसन्न होकर सभी कष्टों का अंत करते हैं, यजुर्वेद में घर पर ही रुद्राभिषेक करने का विधान बताया गया है, जो अत्यंत ही लाभप्रद है। भूलकेश्वर आश्रम धौराभाठा स्वामी जी का प्रिय स्थान रहा है एवं अध्यात्म क्षेत्र में यह एक आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां पर पूज्य स्वामी श्रीश्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज की स्मृति में अखंड ज्योति प्रज्वलित की जा रही है। धौराभाठा में पूजा संपन्न करने के पश्चात स्वामीजी गोसाई आश्रम सागर पहुंचे एवं भगवान भोलेनाथ की पूजा-पाठ कर अभिषेक किया गया। गोसाई आश्रम में भी श्रद्धालु भक्तों की अपार भीड़ देखने को मिली। पूजा-पाठ के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## मेडिकल टीम ने किया भगवान शिव का रुद्राभिषेक



**लोरमी।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को मेडिकल टीम लोरमी ने क्षेत्र की सुख-शान्ति एवं समृद्धि के लिए गौरकापा धाम शिव मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। सभी सदस्यों ने मंत्रोचारण के साथ अभिषेक कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मिंटू छाबड़ा, राजेन्द्र साहू, राजकुमार क्षत्री, पवन साहू, जीवन साहू सहित मेडिकल टीम के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## खुड़िया में विधायक भावना का स्वागत



**लोरमी।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा 151 किलोमीटर की पैदल कावड़ यात्रा के दौरान ग्राम खुड़यिा पहुंचीं, जहां लोगों ने फूलों की वर्षा कर एवं साड़ी भेंट कर उनका स्वागत किया। वनक्षेत्र इन दिनों बोल बम के नारों से गुंजायमान है, अमरकंटक से पैदल चलकर श्रद्धालुओं का जत्था पहाड़ी के रास्ते पंडरिया होकर कबीरधाम के भोरमदेव शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं। इसी क्रम में विधायक भावना बोहरा भी कांवड़ यात्रा 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा कर रही हैं। यात्रा के दौरान मंगलवार को मनियारी नदी में बाढ़ के कारण बीहड़ के ग्राम महामाई में रात्रि विश्राम उन्होंने भोजन ग्रहण किया एवं बुधवार को नदी का जलस्तर कम होने पर रास्ते से लगभग 3 फिट से ऊपर नदी को पार कर खुड़यिा प्रवेश किया, जहां स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया।

## पुण्यतिथि पर स्व. महंत को दी गई श्रद्धांजलि



**पेंड्रा।** स्व बिसाहू दास महंत की 47वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देकर याद किया गया। श्रद्धांजलि देते हुए पेण्ड्रा नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा स्वर्गीय महंत ने छत्तीसगढ़ की पहचान व उसकी अस्मिता के लिए कार्य किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने कहा छत्तीसगढ़ के सच्चे सिपाही व सेवक थे स्वर्गीय बिसाहू दास महंत ने किसानों की बेहतरी व उन्नति के लिए खेती-किसानी, सड़क-बिजली के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया।

■ महंत ने छग की पहचान व अस्मिता के लिए कार्य किया : जालान

मरवाही के पूर्व विधायक डॉ के के ध्रुव ने कहा कि हसदो-बांगो परियोजना उनकी संकल्पना का मूर्तरूप है। अपनी माटी के लिए की गई उनकी अमूल्य सेवाएं व कार्य हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। प्रदेश संयुक्त महामंत्री मनोज गुप्ता ने कहा सच्चे सेवक थे बाबू जी, उनके अंदर आमजन की समस्याओं को सुनना और उनका निदान करने की छमता थी। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष राकेश जालान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रसांत श्रीवास, जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव, मनोज गुप्ता, अशोक शर्मा, शंकर पटेल, सादिक खान, पवन केशरवानी, सुखदेव सिंह, मदन सोनी, बूंदकुंवर मास्को, जलेश सिंह, रेखा तिवारी सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 'उल्लास भारत साक्षरता' गीत का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा



■ रचनाकार मीनाक्षी को किया गया सम्मानित

शासकीय हाईस्कूल कुड़कई में पदस्थ गणित विषय की व्याख्याता मीनाक्षी केशरवानी को एक बार फिर उनकी रचनात्मक और सामाजिक चेतना से परिपूर्ण प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया है। उनके द्वारा रचित 'उल्लास नव भारत साक्षरता' गीत का भव्य लोकार्पण कलेक्टर सभाकक्ष रायपुर में रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के करकमलों से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर श्रीमति केशरवानी को शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व श्रीमती केशरवानी ने हाथी बचाओ जागरूकता अभियान के अंतर्गत गीत की रचना तथा उसका ऑडियो-वीडियो तैयार किया गया था, जिसे विश्व योग दिवस के पर जशपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लॉन्च किया था एवं उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया था।

### मतदान जागरूकता गीतों से बनी पहचान

श्रीमती केशरवानी इससे पूर्व भी मतदान जागरूकता अभियान के अंतर्गत कुल छह प्रेरणादायक गीतों का सृजन कर चुकी हैं, जिन्हें छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले तथा रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह की ओर से सम्मानित किया जा चुका है। उनके गीतों को रायपुर के ट्रैफिक सिग्नलों और डिजिटल बोड्र्स पर भी प्रदर्शित किया गया। मीनाक्षी केशरवानी की रचनात्मकता, सामाजिक समर्पण एवं शिक्षकीय योगदान से न केवल उनका विद्यालय, बल्कि पूरा जिला गौरवान्वित हुआ है। उनकी यह उपलब्धियां निश्चित ही आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देने वाली हैं।

## कलेक्टर, एसपी ने की रानीदहरा के मृतकों के परिजन से मुलाकात



शोक संतप्त परिवार से मुलाकात करते कलेक्टर एसपी।

**मुंगेली।** कबीरधाम जिले के रानीदहरा जलप्रपात में हुई दुखद दुर्घटना के बाद कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने दुर्घटना में मृत युवकों के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। उन्होंने मृतक नरेन्द्र पाल सिंह छाबड़ा के परिजनों से भेंट कर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। कलेक्टर ने कहा कि अपनों को खोने का दर्द बहुत गहरा होता है, जिसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मृतक की पत्नी एवं परिवार को शासन की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही, उन्होंने नरेंद्र पाल सिंह छाबड़ा की बच्चियों की शिक्षा को लेकर भी पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इसके बाद कलेक्टर एवं एसपी ने दुर्घटना में मृतक सृजन पाठक के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और युवा सृजन की दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि प्रशासन हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेगा।

## पोस्ट ऑफिस की सेवाएं ठप, लोगों में आक्रोश




**करगी रोड कोटा।** क्षेत्र में पोस्ट ऑफिस की सेवाएं 12 जुलाई से बंद पड़ी हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय डाकपाल ओपी गुप्ता ने बताया कि डाकघर का सर्वर खराब हो गया है, जिसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। लेकिन कई दिनों के बाद भी अब तक किसी तरह की मरम्मत या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई , इससे साफ जाहिर होता है कि विभागीय लापरवाही और उदासीनता चरम सीमा पर है। जब इस संबंध में बिलासपुर डाक अधीक्षक विनय प्रसाद मीणा से बातचीत की गई, तो उन्होंने इस समस्या की जानकारी होने से इनकार कर दिया।

उन्होंने कहा कि वे फिलहाल अवकाश पर हैं, और उनके स्थान पर कार्यभार संभाल रहे प्रभारी अधीक्षक का मोबाइल लगातार बंद आ रहा है। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर काफी रोष है। क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि डाक घर नगर से तीन किलोमीटर दूर स्थित है, जहां तक जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। पेंशन धारकों और ग्रामीणों को जरूरी डाक सेवाओं, स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, और वित्तीय लेनदेन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द डाकघर के सर्वर को सुचारू रूप से शुरू किया जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो क्षेत्रवासी आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होंगे।

## केंद्रीय खाद्य मंत्री से मिले छग राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारी

**लोरमी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दिल्ली में केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात कर प्रदेश को 8 लाख टन चावल के अतिरिक्त आबंटन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। यह मुलाकात केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के नेतृत्व और छत्तीसगढ प्रदेश राइस मिल के अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा की अध्यक्षता में हुई। प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के महामंत्री विष्णु बिंदल, राइस मिलर ललित अग्रवाल, प्रशांत जैन, अभिषेक जैन, श्रीकान्त कटारिया, आसिफ मेमन शामिल रहे। केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिल के पदाधिकारियों ने प्रदेश को 8 लाख टन चावल के अतिरिक्त आवंटन के लिए धन्यवाद देते हुए प्रदेश के 147 पीबी पीड़ित राइस मिलर्स के संबंध में सकारात्मक एवं विस्तृत चर्चा की। राइस मिलर्स की इन समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री ने एसोसिएशन को समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने एफसीआई रैंक मूवमेंट के लिए भी आने वाले समय में आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। इस पर



प्रतिनिधिमंडल ने प्रहलाद जोशी का आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में बुधवार को प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा, महामंत्री विष्णु बिंदल एवं नितेश अग्रवाल मिंटू ने भारतीय खाद्य निगम दिल्ली के सीएमडी अग्निहोत्री से भेंट कर प्रदेश में रैंक मूवमेंट बढ़ाने हेतु चर्चा की

## आत्मानंद स्कूल में शालेय खेल-कूद प्रतियोगिता

**मुंगेली।** शालेय खेल-कूद प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत संभाग स्तरीय शतरंज बालक, नेटबॉल अंडर-14 बालक-बालिका एवं बॉक्सिंग अंडर-17, अंडर-19 बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 22 जुलाई को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में किया गया।

इसमें संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में कुल 8 जिले मुंगेली, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ति के प्रतिभागी अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 वर्ष के बालक ने हिस्सा लिया, जिसमें राज्य स्तरीय शालेय खेल-कूद शतरंज प्रतियोगिता हेतु



प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी

कुल 45 प्रतिभागियों का चयन किया गया। इसमें प्रत्येक वर्ग से 5-5 बालक सम्मिलित होंगें। इसी प्रकार संभाग स्तरीय नेटबॉल अंडर-14 वर्ष बालक-बालिका वर्ग में 12-12 प्रतिभागियों का चयन किया गया, जिसमें मेजबान मुंगेली जिला विजेता एवं बिलासपुर उपविजेता रहा। उक्त प्रतियोगिता में बिलासपुर संभाग से प्रमुख प्रबंधक एवं पर्यवेक्षक महेश शर्मा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता संयोजक प्राचार्य डॉ आईपी यादव ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक क्रियाकलाप है, इसे हमेशा सद्भावना एवं खेल भावना से खेलना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक जिला क्रीडा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी विजय वर्मा, खेल संयोजक राजेन्द्र प्रसाद साहू, सहायक संयोजक सुबोध कुमार सिंह आदि शामिल है।

### कार्यकर्ताओं ने काले कपड़े पहनकर किया विरोध

## कांग्रेसियों ने बिलासपुर-जबलपुर एनएच को जाम कर किया प्रदर्शन

**मुंगेली।** कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बिलासपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे 130 को गीधा बायपास के पास जाम करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान एम्बुलेंस व स्कूल बस को मुक्त रखा गया। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने काले कपड़े व काला रिबन पहन कर प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ने आंदोलन किया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर केन्द्रीय जांच एजेंसी ईडी केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार के दबाव में कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्रवाई कर रही है, जिसके विरोध



एनएच पर चक्काजाम करते कांग्रेसजन।

में प्रदर्शन किया गया। इसके राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 130 को जाम किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जिस तरह आडानी को छत्तीसगढ़ की अमूल्य धरोहर सौंप रही है, उसका विरोध करने तमनार पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बधेल को बतौर इनाम उनके घर बड़े सबेरे ईडी की टीम भेज कर दिया। इस अवसर पर आलोक सिंह, संजीत बनर्जी, थानेश्वर साहू, जागेश्वरी वर्मा, आत्मा सिंह क्षत्रिय, श्याम जायसवाल, चुरावन मंगेशकर, चद्रभान बारमते, हेमेंद्र गोस्वामी, स्वतंत्र मिश्रा, दिलीप बंजारा, संजय यादव, लोकराम साहू, नरेश पाटले, पुरषोत्तम मार्को, राजा ठाकुर, रामचंद्र साहू, राजेश छैदहिया, सागर सोलंकी, दीपक गुप्ता, कौशल क्षत्रिय, जैतराम खाण्डे, अनिस मसीह, उमेश धृतलहरे, काके उत्पल, राघव सिंह, भरत पठारी, जित्तू श्रीवास्तव, लक्की गर्ग, याकूब अली, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, ललिता सोनी, कौशिल्या वर्मा, अनीता विश्वकर्मा, नूरजहां, मायारानी सिंह, सगिरा खान, खुशबू वैष्णव, हेमिन मंगेश्कर, बिंदु यादव, लता रानी वैष्णव, स्वाती ठाकुर, अरविंद वैष्णव, सूरज यादव, संजय चंदेल आदि मौजूद रहे।

## आबकारी आरक्षक की परीक्षा 27 को

**मुंगेली।** आबकारी आरक्षक के पदों पर भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षा 27 जुलाई को आयोजित की जाएगी। व्यापम की ओर से परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु समय में परिवर्तन किया गया है। अब 10 बजे की बजाए सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

पहले 10 बजे से परीक्षा का आयोजन होने से कई परीक्षार्थी समय पर केन्द्र तक नहीं पहुंच पाते थे, इसे देखते हुए परीक्षा के समय में परिवर्तन कर 11 बजे किया गया है। व्यापम की ओर से जारी निर्देश के अनुसार परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व सभी परीक्षार्थियों की हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच की जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना आवश्यक होगा, ताकि शारीरिक जांच और प्रवेश पत्र सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधे बांह के कपड़े तथा चप्पल पहनकर परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य है। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश वर्जित है।